

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -327 जबलपुर, रविवार 26 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने देश को किया संबोधित, बोलीं

## आज विश्व का नेतृत्व कर रहा भारत



नई दिल्ली-(आरएनएस)। 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। संबोधन की शुरूआत में राष्ट्रपति ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज हमें सबसे पहले उन वीर आत्माओं को याद करना चाहिए जिन्होंने मातृभूमि को विदेशी शासन की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए महान बलिदान दिया। कुछ प्रसिद्ध थे, जबकि कुछ हाल तक अल्पज्ञात रहे। उन्होंने कहा कि हम इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं, जो स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिनिधि के रूप में खड़े हैं, जिनकी राष्ट्रीय इतिहास में भूमिका को अब सही अनुपात में पहचाना जा रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि बीसवीं सदी के शुरुआती दशकों में, उनके संघर्ष एक संगठित राष्ट्रव्यापी स्वतंत्रता आंदोलन में समेकित हो गए। यह देश का सौभाग्य था कि उसे महात्मा गांधी, रवीन्द्रनाथ टैगोर और बाबासाहेब अम्बेडकर जैसे लोग मिले, जिन्होंने इसके लोकतांत्रिक लोकाचार को फिर से खोजने में मदद की। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व कोई सैद्धांतिक अवधारणाएं नहीं हैं जिन्हें हमने आधुनिक समय में सीखा है; वे हमेशा हमारी सभ्यतागत विरासत का हिस्सा रहे हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व हमेशा से हमारी सभ्यतागत विरासत का हिस्सा रहे हैं। सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक भारत को कभी ज्ञान और बुद्धिमत्ता के स्रोत के रूप में जाना जाता था। उन्होंने कहा कि संविधान के 75 वर्ष एक युवा गणतंत्र की सर्वांगीण प्रगति द्वारा चिह्नित हैं। आज़ादी के समय और उसके बाद भी, देश के बड़े हिस्से को अत्यधिक गरीबी और भुखमरी का सामना करना पड़ा था। लेकिन एक चीज़ जिससे हम वंचित नहीं थे वह था हमारा खुद पर विश्वास। हम ऐसी सही परिस्थितियाँ बनाने के लिए तैयार हैं जिनमें हर किसी को फलने-फूलने का अवसर मिले। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हमारे किसानों ने कड़ी मेहनत की और हमारे देश को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया। हमारे श्रमिकों ने हमारे बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्र को बदलने के लिए लगातार काम किया। उनके उत्कृष्ट प्रयासों की बदौलत, भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक आर्थिक रुझानों को प्रभावित करती है। आज भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है। यह परिवर्तन हमारे संविधान द्वारा निर्धारित खाके के बिना संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज बन गया है, क्योंकि नागरिक मूल्य सहस्राब्दियों से हमारे नैतिक मूल्यों का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एससी समुदायों के युवाओं के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय फेलोशिप, विदेशी छात्रवृत्ति, छात्रावास और कोचिंग सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना रोजगार और आय सृजन के अवसरों को जोड़कर अनुसूचित जाति समुदायों के बीच गरीबी को कम करने में प्रगति कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि साहसिक और दूरदर्शी आर्थिक सुधार आने वाले वर्षों में इस प्रवृत्ति को बनाए रखेंगे। संविधान भारतीय के रूप में हमारी सामूहिक पहचान को अंतिम आधार प्रदान करता है, यह हमें परिवार के रूप में एक साथ जोड़ता है।

## मुख्यमंत्री ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि




भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश की वरिष्ठ राजनीतिज्ञ रही स्व. राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजमाता का व्यक्तित्व ममता, त्याग एवं समर्पण के भाव से परिपूर्ण था। राष्ट्र सेवा के परम पावन ध्येय के साथ जनसंघ और भाजपा को गढ़ने में अतुलनीय योगदान देने वाली राजमाता सिंधिया के विचार देश सेवा और लोक कल्याण के लिए सभी को प्रेरित करते रहेंगे।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की दीं शुभकामनाएँ**

भोपाल -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। उन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शहीद राष्ट्रभक्तों और ज्ञात-अज्ञात सेनानियों के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के समर्थ, सक्षम नेतृत्व और मार्गदर्शन में सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के अंतर्गत विकसित भारत की संकल्पना को भारतवासी साकार कर रहे हैं। विकास और जनकल्याण के कार्यों से मध्यप्रदेश विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस उपलब्धि में प्रदेशवासियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

## उज्जैन में बाबा काल भैरव के दरबार में लागू नहीं होगी शराबबंदी, प्रसाद के रूप में चढ़ती रहेगी मदिरा



उज्जैन।(आरएनएस)। मध्य प्रदेश में उज्जैन सहित 19 नगरों और गांवों में शराबबंदी पर एमपी कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद उज्जैन के काल भैरव मंदिर में प्रसाद के रूप में चढ़ने वाली शराब को लेकर सवाल उठने लगे थे। इस पर सीएम ने साफ कर दिया कि मंदिर में प्रसाद के रूप में मदिरा चढ़ाई जाती रहेगी। काल भैरव मंदिर के बाहर शराब की दुकानें हैं। यहीं से भक्त मदिरा खरीदकर काल भैरव को चढ़ाते हैं। मंदिर के पुजारी भक्तों द्वारा दी गई मदिरा को एक पात्र में रखकर काल भैरव के मुख पर रखते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन में शराबबंदी के निर्णय से संत, पुजारी व प्रबुद्धजन काफी खुश हैं। इनका कहना है कि धर्मधानी को पवित्र नगर बनाने के लिए शराब के साथ मांस विक्रय पर भी पूरी तरह रोक लगाना चाहिए। उज्जैन को पवित्र नगरी घोषित करने की मांग वर्षों से चली आ रही है। रामनंदीय संत प्रतीतराम रामस्नेही जीवन पर्यंत इसके लिए संघर्ष करते रहे। बाद में भी कई साधु संत व समाजसेवी महाकाल मंदिर के दो किलो मीटर परिक्षेत्र में मांस व शराब के विक्रय पर रोक लगाने की मांग करते रहे।

### गणतंत्र दिवस पर वीरता पुरस्कारों का हुआ ऐलान, 942 जवानों को अवार्ड

नई दिल्ली-(आरएनएस)। गणतंत्र दिवस 2025 के मौके पर इस वर्ष पुलिस, फायर विभाग, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के 942 कर्मचारियों को वीरता सेवा पदक से सम्मानित किया जा रहा है। इसका ऐलान सरकार ने कर दिया है।

सभी विजेताओं को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर इस वर्ष वीरता पदक कुल 95 जवानों को मिलने वाला है।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सेना के जवानों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी



नई दिल्ली-(आरएनएस)। आतंकवादियों ने भी गोलीबारी की और दोनों तरफ से बीच करीब आधे घंटे तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के ऊपरी इलाकों में शुक्रवार आधी रात के बाद सेना के जवानों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई और इसके बाद फरार आतंकियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि भटोडी पंचायत में एक अस्थायी सैन्य शिविर की चौकी पर तैनात जवानों ने रात करीब डेढ़ बजे संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधियां महसूस की, जिसके बाद सेना ने गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने भी गोलीबारी की और दोनों तरफ से बीच करीब आधे घंटे तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की संख्या तीन मानी जा रही है जो पास के जंगल की तरफ भाग गए। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घेराबंदी तथा तलाश अभियान शुरू कर दिया है।

### एमपी के चार अधिकारियों को राष्ट्रपति मेडल, पुलिस-होमगार्ड के 17 अधिकारियों-कर्मचारियों को मेरिटोरियस सर्विस अवार्ड



भोपाल.(आरएनएस)। गणतंत्र दिवस के मौके पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने मध्यप्रदेश के चार आईपीएस अधिकारियों को प्रेसिडेंट मेडल, 17 अधिकारियों व कर्मचारियों को मेरिटोरियस सर्विस अवॉर्ड से नवाजा है. इस बार किसी अधिकारी को गैलेंट्री अवॉर्ड (वीरता पदक) नहीं मिला है. करेक्शनल सर्विस में एक अधिकारी को प्रेसिडेंट मेडल व पांच को मेरिटोरियस अवॉर्ड दिया गया है. अवॉर्ड पाने वालों में एडीजी मकरंद देउस्कर, रुचिवर्धन मिश्रा, हिमानी खन्ना, डीआईजी बीरेंद्र कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह चौहान व राकेश खाखा शामिल हैं. केंद्र सरकार द्वारा हर साल 15 अगस्त व 26 जनवरी को पुलिस और होमगार्ड सेवा से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को वीरता पदक, पुलिस सेवा पदक व सराहनीय सेवा पदक दिए जाते हैं. केंद्र सरकार द्वारा यह पदक देने का ऐलान 25 जनवरी और 14 अगस्त को किया जाता है. इस साल गणतंत्र दिवस के पहले जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति के हाथों पदक लेने के लिए चुना गया है. जिसमें एमपी के 21 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं.

### शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षितिज किरण परिवार की ओर से सभी पाठकों, विज्ञापन दाताओं, एजेंटों, अभिकर्ताओं व शुभचिंतकों को राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं।

**- संपादक**

### आज अवकाश

गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षितिज किरण कार्यालय में रविवार, 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। पाठकों को क्षितिज किरण का अगला अंक मंगलवार, 28 जनवरी को प्राप्त होगा।

**- प्रबंधक**

### आजादी की लड़ाई, ब्रिक्स में स्थायी सदस्यता का समर्थन...सामने खड़े थे मोदी

## इंडोनेशियाई राष्ट्रपति एक लाइन से गिनाने लगे भारत के एहसान



नई दिल्ली-(आरएनएस)। राष्ट्रपति ने भारत को इंडोनेशिया की स्वतंत्रता संग्राम के समय दिए गए समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी बताया कि इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास की जमीन भारत को उपहार के रूप में दी गई थी। तब अन्य देशों ने इंडोनेशिया को मान्यता नहीं दी थी। उन्होंने भारत को ब्रिक्स में इंडोनेशिया की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने और ग्लोबल साउथ की आवाज बनने के लिए भी धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ व्यापक वार्ता की। बातचीत में दोनों देशों ने समग्र द्विपक्षीय संबंधों को नयी गति देने, खासकर रक्षा विनिर्माण तथा आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्रों में संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति जतायी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने कह कि मैं भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा में मुझे दिए गए सम्मान के लिए अपनी सर्वोच्च कृतज्ञता दोहराना चाहता हूं। आज राष्ट्रपति ने मेरा बहुत सम्मान के साथ स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार तथा मेरे और मेरी सरकार के बीच बहुत गहन और बेहद स्पष्ट चर्चा हुई। हमने साझा हित के कई प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की। हम आर्थिक क्षेत्र में सहयोग के स्तर को बढ़ाना चाहते हैं। मैंने अपनी टीम को विनियमन को तेज करने, नौकरशाही को कम करने और भारत-इंडोनेशिया के साझा द्विपक्षीय हितों को सबसे आगे रखने के निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रपति ने भारत को इंडोनेशिया की स्वतंत्रता संग्राम के समय दिए गए समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी बताया कि इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास की जमीन भारत को उपहार के रूप में दी गई थी। तब अन्य देशों ने इंडोनेशिया को मान्यता नहीं दी थी। उन्होंने भारत को ब्रिक्स में इंडोनेशिया की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने और ग्लोबल साउथ की आवाज बनने के लिए भी धन्यवाद दिया।

भारत और इंडोनेशिया के संबंध हजारों वर्ष पुराने हैं। रामायण और महाभारत से प्रेरित गाथाएं और बाली जात्रा हमारे लोगों के बीच अनवरत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों के जीते-जागते प्रमाण हैं। मेरी इंडोनेशिया यात्रा के दौरान हमने अपनी साझेदारी को के रूप में आगे बढ़ाया था। आज राष्ट्रपति प्राबोवो के साथ आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई।

### केजरीवाल पर अमित शाह का तंज

## अन्ना जी को भी शर्म आ रही होगी कि मेरा चेला इतना बड़ा भ्रष्टाचारी कैसे निकल गया



नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार तेज होता जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी आज प्रचार की शुरूआत कर दी है। पहले तो उन्होंने पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। इसके बाद अमित शाह राजौरी गार्डन में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने पहुंचे है। शाह ने कहा कि मेरा घरेलू सहायक मेरे पास आया और उसने बताया कि उसे एक फोन आया है जिसमें कहा गया है कि भाजपा के सत्ता में आते ही दिल्ली में चल रही सभी कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। जब मैंने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल का फोन था, तो उन्हें यकीन हो गया कि यह सब झूठ है। एक के बाद एक झूठ फैला रहे हैं। शाह ने दावा किया कि मोदी जी ने साफ कहा है कि दिल्ली में कोई भी कल्याणकारी योजना बंद नहीं की जायेगी। हम उन सभी वादों को पूरा करेंगे जिन्हें वे पूरा करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि 10 साल तक केजरीवाल जी (क्क) ने दिल्ली में कुशासन, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण चलाया है।क्क-दा ने पूरी दिल्ली को अव्यवस्थित करके रख दिया है।क्क-दा सरकार ने दिल्ली की जनता से केवल और केवल वादा-खिलाफी की और धोखा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि,क्क-दा ने केवल धोखा देने का काम किया है। भाजपा नेता ने कहा कि कनेक्टिविटी के नाम पर टूटी सड़कें देने का काम, मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर मेडिकल टेस्ट में घपला करने का काम, बरसात में दिल्ली की सड़कों को झील बनाने का काम किया है और कुछ काम नहीं किया है। केजरीवाल जी ने सुशासन नाम का शब्द ही समाप्त कर दिया है। इन्होंने (क्क-दा) कहा था कि रिहायशी इलाकों से शराब की दुकान बंद कर देंगे, बंद हुई है क्या उल्टे गुरुद्वारे, मंदिरों और स्कूलों के आसपास शराब की दुकान खोलने का काम किया और हजारों करोड़ रुपए का घपला घोटाले करने का काम किया।

### पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर होगा जिले का मुख्य समारोह

## जिले में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

### जबलपुर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह फ्हराएंगे राष्ट्रीय ध्वज



जबलपुर-(नगर प्रतिनिधि) राष्ट्र का 76 वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिले भर में हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया जायेगा। जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया है। यहां सुबह ठीक 9 बजे लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह राष्ट्री य ध्वज फ्हराकर परेड की सलामी लेंगे और प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जायेगा। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने नागरिकों से उमंग और उत्साहपूर्वक गणतंत्र दिवस मनाने का आग्रह किया है। गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित जिले के मुख्य समारोह में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा अपनी उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित झांकियां निकाली जायेगी तथा स्कूनली बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृजतिक कार्यक्रम प्रस्तुगत किये जायेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारियों.कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। समारोह स्थल पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियोंए भूतपूर्व सैनिकोंए गणमान्य नागरिकोंए अधिकारियोंए पत्रकारों सहित यहां पहुंचने वाले आम नागरिकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। समारोह स्थल पर सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किये गये हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में स्थित राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों एवं स्थलोंए शासकीय भवनोंए कार्यालयोंए शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वज फ्हराया जायेगा।







जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बेलबाग में प्रकाश उर्फबाबू चौधरी उम्र 34 वर्ष निवासी खैरमाई मंदिर के पास भानतलैया चौधरी मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सिलाई का काम करता है राकेश चौधरी उसके चाचा का लड़का है वह कपड़े के कारखाना अधारताल गया था वहां से कपड़ा उठाकर दोपहर लगभग 2 बजे अपनी मोटर सायकल से वापस आ रहा था भानतलैया रोड़ पर देखा शासकीय स्कूल क्रमांक 1 भानतलैया के छत पर लोगों की भीड़ लगी हुयी थी उसने छत पर जाकर देखा तो पुरानी बुराई की बात पर से राकेश चौधरी को रंगा उर्फरोहित चौधरी, अमर चौधरी और नरेश चौधरी तीनों एक राय होकर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नियत से डंडों से मार

# रेलवे स्टेशन पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर आरपीएफ द्वारा उच्च सुरक्षा व्यवस्था





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना संभावना के मद्देनजर सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक सुरक्षा उपायों को लागू किया गया है।

आरपीएफ का यह कदम सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि गणतंत्र दिवस के दिन रेलवे स्टेशनों पर न केवल यात्रियों की संख्या में वृद्धि होती है, बल्कि विभिन्न प्रकार की असामाजिक गतिविधियों की संभावना भी बढ़ जाती है। इस संदर्भ में, आरपीएफ ने सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा करने के लिए निम्नलिखित विशेष प्रबंध किए हैं:-

**1.सुरक्षा बल की तैनाती में वृद्धि:-**

पश्चिम मध्?य रेलवे के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त संख्या में आरपीएफ के जवान तैनात किए गए हैं। इन जवानों को सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है ताकि वे किसी भी अप्रत्याशित घटना से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें।

**2. सीसीटीवी निगरानी और तकनीकी उपाय:-**

सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी को और कड़ा कर दिया गया है। आरपीएफ द्वारा स्टेशनों के संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए डिजिटल निगरानी तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। इसके अलावा, मेटल डिटेक्टर्स और एक्स-रे मशीनों का प्रयोग यात्रियों के सामान की जांच के लिए किया जा रहा है।

**3. संदिग्ध वस्तुओं की जांच:-**

स्टेशन परिसर में संदिग्ध सामान या वस्तुएं पाए जाने पर उनकी तुरंत और गहन जांच की जाएगी। आरपीएफ के जवान संदिग्ध वस्तुओं और बैग्स की तलाशी ॥॥स्ङ्क डॉग स्?कॉड के साथ कर रहे हैं।

**4. सुरक्षा गश्त और यात्री मार्गदर्शन:-**

स्टेशन परिसर में आरपीएफ के जवान निरंतर गश्त कर रहे हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पहचान की जा सके। साथ ही, यात्रियों को सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए वे उन्हें सुरक्षा संबंधित जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं। आरपीएफ के अधिकारियों ने यात्रियों से यह भी अपील की है कि वे रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा प्रबंधों का पालन करें, अपनी यात्रा के दौरान सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि का तुरंत संज्ञान लेकर रेलवे सुरक्षा बल/जी.आर.पी/हेल्?प लाईन 139 पर सूचित करें। यात्रियों की सुरक्षा और भलाई ही रेलवे सुरक्षा बल की प्राथमिकता है और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

गणतंत्र दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर, आरपीएफ ने पूरी तरह से प्रतिबद्धता दिखाते हुए पश्चिम मध्?य रेलवे के रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा प्रबंधों को सख्त किया है, ताकि यात्री बिना किसी चिंता के अपनी यात्रा का आनंद ले सकें।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय रेल को मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पुरस्कृत किया। भारतीय रेल की ओर से यह पुरस्कार रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने ग्रहण किया।

## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आगमन आज



जबलपुर। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी का आज शनिवार 25 जनवरी को रात्रि 10 बजे भोपाल से जबलपुर सड़क मार्ग से आगमन होगा। श्री सिंह कल रविवार 26 जनवरी को प्रात: 9 बजे पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे।

**समाजसेवी एवं बुजुर्गों का किया जाएगा सम्मान**

## गणतंत्र दिवस पर बड़ी ओमती चौक में प्रात:11बजे होंगा झंडावंदन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्र के 76 वें गणतंत्र दिवस पर मुस्लिम लीगल एड.एण्ड वेलफेयर सोसायटी द्वारा बड़ी ओमती चौक में प्रात: 11:00 बजे झंडा फहराया जाएगा इसके पश्चात समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवियों और बुजुर्गों का सम्मान कर मिष्ठान वितरण किया जाएगा। सोसायटी के शफी खान ने बताया कि राष्ट्र के 76 वें गणतंत्र दिवस पर सोसायटी द्वारा बड़ी ओमती चौक में प्रात: 11:00 बजे अध्यक्ष शबाब खान झंडा फहराएगे इसके पश्चात समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवियों और बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा और मिष्ठान वितरित कर यह महापर्व मनाया जाएगा कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील एड.शबाब खान, रिजवान खान, फिरोज अंसारी, मुशर्रफ शहरयार,शेख अजीम, मासूम खान,मोहसिन खान मोनू,रहीस खान,अशफाक अहमद,मोईन खान,मो.रहीस,शफी खान आदि ने की है।

# साई भक्तों द्वारा किया गया माँ नर्मदा पूजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी शिर्डी साई शोभायात्रा समिति जबलिपुरम,जैसा कि आप सभी को विदित है आगामी 06 अप्रैल रामनवमी के शुभ अवसर पर संस्कारधानी शिरडी साईं शोभा यात्रा समिति द्वारा इस 27 वे वर्ष में विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली जानी है । इस उपलक्ष में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी बैठको का शुभारंभ मां नर्मदा पूजन के आयोजन से उमा घाट (गौरी घाट) में आज 5 जनवरी 2025 रविवार को सभी अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर दवे समिति के सदस्यों और नगर साई भक्तों की उपस्थिति में किया गया।

इस 27 वे वर्ष की शोभा यात्रा को अविस्मरणीय व भव्य बनाने के लिए हमें आपके सुझाव और सहयोग लिए गए और आगामी दिनों में प्रत्येक रविवार को समिति द्वारा नगर के समस्त साई मंदिरों में सदस्यों की बैठक रखी जाएगी, जिससे जबलपुर शहर में साईनाथ महाराज की 27 वी शोभायात्रा को भव्यता प्रदान की जा सके।।


नर्मदा पूजन में समिति के अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर दवे, श्री मनोज काशिव कोषाध्यक्ष, श्री सुनील खम्परिया, प्रदीप पटेलअजय विशवे, गणेश ठाकुर, वेणुगोपाल राव,अजय गुप्ता, श्री सोनी, के साथ समस्त साई भक्त उपस्थित थे।

## मासिक व्यंग्यम् गोष्ठी 28 को




जबलपुर। वर्ष 2016 से निरंतर मासिक व्यंग्यम् गोष्ठी के क्रम में दिनांक 28 जनवरी 25 को अपरान्ह 4 बजे से व्यंग्यम् की मासिक गोष्ठी का आयोजन विसुलोक मधुवन कॉलोनी, उखरी रोड में आयोजित है। गोष्ठी में वरिष्ठ व्यंग्यकार डॉ. कुंदन सिंह परिहार, प्रतुल श्रीवास्तव, अभिमन्यु जैन सहित संस्कारधानी के अनेक व्यंग्यकार अपने अपने व्यंग्य प्रस्तुत करेंगे। सामयिक, दिशाबोधी व सामाजिक विद्रूपताओं पर कटाक्ष करने वाले व्यंग्य गोष्ठी में उपस्थिति की अपील आयोजकों द्वारा की गई है।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट 2 फरवरी को गोद भराई एवं सुहागले



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निशुल्क माघ मास कल्पवास 10 वे वर्ष का 11 वा दिन जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में निशुल्क माघ मास कल्पवास 10 वे वर्ष के 11वें दिन भागवताचार्य पं मनमोहन दुबे ने व्यास पीठ से कहा कल्पवास करने से मन शुद्ध होता है सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव प्राप्त होता है शारीरिक व्याधियों का नाश होता है आज से 10 वर्ष से पहले चालू हुआ कल्पवास में सुबह चाय नाश्ता दोपहर भोजन रात्रि भोजन रहने की व्यवस्था सभी आश्रम के द्वारा निशुल्क है 2 फरवरी प्रात: 9:00 बजे गोद भराई एवं सुहागाले का आयोजन होगा जीन माता बहनों को शादी उपरांत मातृत्व की प्राप्ति नहीं हुई है किन्नर अखाड़ा के साथ हीरा दीदी कैट शर्मा बबली तिवारी काजल दीदी खिलौना दीदी राधिका दीदी पूजा दीदी मोना दीदी कामिनी दीदी गोद भराई की रस्में करेगी उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉ शिव शंकर पटेल कल्पवास प्रमुख पप्पू चौबे कल्पवास सह प्रमुख श्याम मनोहर पटेल प्रशासनिक प्रमुख विनोद दीवान छप्पन भोग प्रमुख मनोज गुलाब बनी सुहागले एवं गोद भराई प्रमुख सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा मोहित तिवारी आदि ने उपस्थित की अपील की है

**75 विद्युत अभियंता व कार्मिक होंगे पुरस्कृत**

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी गणतंत्र दिवस पर करेंगे ध्वजारोहण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश की बिजली कंपनियों के मुख्यालय में 76 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी पाण्डुताल मैदान में प्रात: 9.00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर अनय द्विवेदी सुरक्षा सनिकों की परेड की सलामी लेंगे। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के सुरक्षा निकाय बैण्ड दल द्वारा राष्ट्रीय गीतों की धुन प्रस्तुत की जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी, पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम, डायरेक्टर कॉमर्शयिल मिलिन्द भान्दक्कर, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्री राजीव गुप्ता एवं बिजली कंपनियों के वरिष्ठ अभियंता व कार्मिक उपस्थित रहेंगे। समारोह में सुरक्षा निकाय व बालक मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रदर्शन किया जाएगा। पावर मैनेजमेंट कंपनी के छह व पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 62 अभियंताओं व कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले सात खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के बाल कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बालक मंदिर स्कूल के विद्यार्थी राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन श्री राजीव गुप्ता ने जबलपुर स्थित सभी विद्युत अभियंताओं व कार्मिकों से गणतंत्र दिवस समारोह मे उपस्थिति का अनुरोध किया है।

# जन्मदिन के अवसर पर भोजन एवं वस्त्र वितरण





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** संस्था लाईट ऑफ ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी जबलपुर के नेक कार्य के चलते लोग अब विभिन्न अवसरों पर इन्हें याद करते हैं। लोग अपना जन्मदिन या एनिवर्सरी की खुशियां सेलिब्रेट करते हैं। जन्मदिन की खुशियां उन लोगों के बीच जाकर मनाते हैं जो या तो बेसहारा हैं या फिर वे गरीब है। इस कड़ी में संस्था की सदस्य नितिशा इंगले की जन्मदिन भी गरीबों एवं दिहाड़ी मजदूरों, बेसहारों , बच्चों के बीच में लगभग 100 भोजन पैकेट बांटकर मनाई गई। और वस्त्र भी बांटे गए।

संस्था सदस्यों ने बताया कि इस कड़ाके के ठंड से बचाव के लिए हर संभव प्रयास करते है कोई न कोई माध्यम से मदद ग़रीब जनों को पहुंचाने के नेक कार्य में वॉलंटियर्स सतत लगे रहते है, जैसे कि नि:शुल्क कंबल , भोजन, वस्त्र तथा शासकीय हॉस्पिटल आए दूर दराज क्षेत्र के जरूरतमंद जनों को चाय, नाश्ते आदि की व्यवस्था करते हैं। संस्था से जुड़े वरिष्ठ समाज सेविका नितिशा इंगले, वरिष्ठ समाज सेवी संजय कुमार सोनी, संतोष कुमार परस्ते , जाग्रति गोहिया, अनंत कुमार, मुकेश विश्वकर्मा, एस एस चंदेल, साकेत बारमाटे, नीलेश वर्मा,पंकज कुमार गौतम, अजय अवस्थी, रुपेश रावत, शिवराम मीणा, सुंदर लाल, , नितिन बर्गमेन, रवि कोल , जे. पी. बघेल, तीरथ सिंह, पंकज सिक्का, हरि कृष्णा, लक्ष्मी परस्ते, विवेक तिवारी, राजकुमार झा, चेतराम मीणा, अनामिका पटेल, आयुषी चंदेल, गोपाल सिंह ठाकुर, नेहा मीना, माधव शरण राज , पी विजय कुमार जॉनसन, नीलेश वर्मा, तीरथ सिंह, संजय सोनबेर, जे एस ठाकुर, रवि कोल, रामेंद्र गंगवार, आयुषी चंदेल, , रीता प्रधान, रुकशा हल्दकार , तरुण सिंहमारे, , मेघ राज बकोरिया, , आयुष चंदेल,राजेन्द्र रजक , उपेन्द्र सिंह,मनीष गुप्ता, क्षमा ठाकुर, शुभम, बृजेश गौतम, मेघ राज भरसकर, हेमा झा, शांतम सोनी, एवं शहर के दयावान व्यक्तियों का विशेष योगदान रहता है। बताया कि विभिन्न अवसरों पर जीवदया के कार्य किए जा रहे हैं।

# म.प्र.जन अभियान परिषद विकास खंड पनागर जबलपुर सेक्टर क्रमांक 4 बरौदा नवांकुर संस्था द्वारा जिला समन्वयक द्वारा ग्राम खिरिया कला में बैठक रखी गई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। म.प्र.जन अभियान परिषद विकास खंड पनागर जबलपुर सेक्टर क्रमांक 4 बरौदा नवांकुर संस्था द्वारा जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी , भारत महरौलिया विकास खण्ड समन्वयक के निर्देशानुसार आज ग्राम खिरिया कला में बैठक रखी गई। सभी समिति सदस्यों ग्रामीण जनों से आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की। इस बैठक में नर्सरी निर्माण, स्वच्छता और जैविक खेती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। ग्राम में कूड़ा-कचरा प्रबंधन के लिए एक योजना बनाना।सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई के लिए एक टीम बनाना। ग्राम में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक योजना बनाना।जैविक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए किसानों को फसल चक्र अपनाना।किसानों के लिए जैविक खेती के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना। उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच सचिन पटेल, ग्राम सचिव संतोष रजक, नवांकुर संस्था अध्यक्ष अजय पटेल, उपसरपंच नंद कुमार पटेल, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष शिवनंदन पटेल, सचिव कपिल पटेल, दिनेश पटेल,रोजगार सहायक सचिव पूजा , विभा जैन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, धर्मेन्द्र चडार, मुकेश पटेल कार्यक्रम में सभी समिति सदस्यों एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/272 2024-25 दिनांक 24/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000510598** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री मुन्नी लाल विश्वकर्मा** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती रामरानी विश्वकर्मा, पति- स्व. श्री मुन्नी लाल विश्वकर्मा** ने **मकान नं. 158/4 वार्ड क्र.-13, ...... वार्ड,** भूतल 882 व.फु., प्रथमतल 882 व.फु., **दस्तावेज- शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/एम/656/ दिनांक 24.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती बंसती कोरी, पति- स्व. श्री किशन लाल कोरी** ने मकान नं. 2841 पिन नं.1000484999 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 928 व.फु. , **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2841 कुंडा मंदिर के सामने, गोलू सोनकर के मकान के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/एम/657/ दिनांक 24.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती उर्मिला बाई कोरी, पति- अवधलाल कोरी, 2. श्री आकाश कोरी, पिता- अवधलाल कोरी** ने मकान नं. 1024 पिन नं.1000483674 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल कच्चा 540 व.फु., आर.सी.सी. 441 व.फु. , **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1024 बिहारी मोहल्ला पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/एम/658/ दिनांक 24.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती प्रीति कोरी, पति- शरद कोरी** ने मकान नं. 257/1 पिन नं.1000482680 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल कच्चा 200 व.फु., **शपथपत्र, सहमति पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 257/1 साहू मोहल्ला पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**



भोपाल-किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा है कि फ्रएमपी फार्म गेटफ्र मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विकसित एक मोबाइल ऐप है। यह किसानों को अपनी फसलों की बिक्री एवं बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद करता है। इस ऐप के माध्यम से किसान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों को आसानी से बेच सकते हैं। मंत्री श्री कंषाना ने कहा है कि यह ऐप किसानों को उपज बेचने में सुरक्षित लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है। यह ऐप एमपी स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड और एनआईसी एमपी द्वारा विकसित किया गया है। गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता

**मुख्यमंत्री ने 982.59 करोड़ की महेश्वर-जानापाव परियोजना सहित 1042.24 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण**

# महेश्वर-जानापाव उद्वहन सिंचाई परियोजना अब लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के नाम से जानी जायेगी - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महेश्वर-जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना अब लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के नाम से जानी जायेगी। देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष में महेश्वर में आयोजित डेस्टिनेशन केबिनेट और मण्डलेश्वर से महेश्वर-जानापाव माइक्रो सिंचाई परियोजना सहित 1042.24 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण पुण्य-श्लोका देवी अहिल्याबाई के प्रति राज्य सरकार का पुण्य स्मरण और उनके बताये मार्गों पर चलने का एक प्रयास भर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात खरगौन जिले के मण्डलेश्वर में सिंचाई परियोजना के शिलान्यास के साथ अन्य विकास कार्यों के भूमि-पूजन एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने मण्डलेश्वर में 994.72 करोड़ रूपए के 7 कार्यों का शिलान्यास और 47.52 करोड़ रूपए के 20 कार्यों का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये ज्ञान पर ध्यान'' के मंत्र को साकार करने की दिशा में कार्य करते हुए गरीब, युवा, महिला और नारी सशक्तिकरण के लिये कृत-संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मण्डलेश्वर से 1042.24 करोड़ रुपये के 27 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास से क्षेत्रवासियों को विकास की अभूतपूर्व सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार प्रदेश के 2 लाख अस्थायी पम्पधारक किसानों को सौर ऊर्जा के उत्पादन में आत्म-निर्भर बनाने जा रही है। इसके लिये सरकार किसानों को 3 से 7.5 हॉर्स पॉवर तक के सोलर पम्प को खरीदने में सहायता प्रदान करेगी। किसानों को मात्र 10 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा, शेष राशि सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी। इससे किसानों को अस्थायी पम्प कनेक्शन से मुक्ति मिलेगी और वे अपनी आवश्यकता की बिजली सोलर सिस्टम से जनरेट कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के विभिन्न धार्मिक नगरों एवं स्थानों पर शराबबंदी की जायेगी। प्रथम चरण में प्रदेश के 19 स्थानों को चयनित किया गया है, जहाँ पूर्ण शराबबंदी लागू होगी। प्रदेश के उज्जैन, दतिया, पन्ना, मण्डला, मंदसौर, मैहर, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, चित्रकूट और अमरकंटक नगरों के अतिरिक्त सलकनपुर, बरमानकलां, कुण्डलपुर, बांदकपुर, बरमानखुर्द और लिंगा ग्राम पंचायत में शराबबंदी की जायेगी। सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम से धार्मिक स्थलों की पवित्रता को बनाये रखने में मदद तो मिलेगी ही, साथ ही पारिवारिक और सामाजिक सद्भाव में भी निश्चित ही वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी अंचलों के समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। सरकार ने इसके लिये नवाचार करते हुए रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव का देश में पहली बार सूत्रपात किया है। अब तक सरकार 7 स्थानों पर आरआईसी का आयोजन कर चुकी है। इससे सभी क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना में तो मदद मिल ही रही है, साथ ही 3 लाख युवाओं के लिये रोजगार के नये अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 982 करोड़ 59 लाख रुपये की महेश्वर-जानापाव उद्वहन सिंचाई परियोजना के पूर्ण होने पर खरगौन जिले की महेश्वर, धार जिले की पीथमपुर एवं इंदौर जिले की महू तहसील के कुल 123 ग्रामों के किसानों के खेत में सिंचाई के लिए नर्मदा का जल पहुँचेगा। इससे इन गाँवों के किसानों का कृषि उत्पादन बढ़ेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद खरगौन की ओर से वर्ष 2025 के कैलेण्डर का विमोचन किया। कैलेण्डर में दशहरा पर्व पर मातोश्री की गादी पर मुख्यमंत्री द्वारा 2024 में किये गये शस्त्र पूजन और पुष्प अर्पण के चित्र प्रदर्शित किये गये हैं। महान शिव उपासक लोकमाता अहिल्याबाई की शाही पालकी तथा उनके द्वारा किये गये पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं माँ अहिल्या के माता-पिता, मातोश्री का जन्म स्थल और उनके पति एवं पूजा-स्थल के चित्र शामिल किए गये है। कैलेण्डर में लोकमाता अहिल्याबाई द्वारा जारी की गई मुद्राएँ, शस्त्र और शास्त्र के साथ उनको राज कार्य करते हुए दिखाया गया है। इसमें महेश्वर किला एवं घाट के विहंगम दृश्य और निमाड़ उत्सव के चित्र भी प्रदर्शित किये गये हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुण्य-श्लोका लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित गौरव-गाथा पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। पुस्तिका में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिभा, प्रज्ञा, साधना और श्रम से संघर्षमय परिस्थितियों में अपने राज्य और देश के स्वाभिमान की रक्षा के लिये किये गये अद्वितीय कार्यों का गौरव-गान किया गया है। लोकमाता का चरित्र देश की तरूणाई के लिए प्रेरणादायक रहा है। वे करूणारूपी, प्रजावत्सला के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगी। पुस्तिका में बचपन से ही धर्म के प्रति उन्में अगाध श्रद्धा और दृढ़ता के भाव का उल्लेखनीय वर्णन किया गया है। वे नारी जागरण के लिए अग्रदूत बनकर आयीं। होलकर वंश की इस दीपशिखा का प्रकाश सदियों से जगमगाता रहा है और जगमगाता रहेगा। शस्त्र और शास्त्र दोनों विधाओं में कुशल लोकमाता भारतीय इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेंगी।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, खेल एवं युवा कल्याण और खरगौन जिले के प्रभारी मंत्री श्री विश्वास सारंग, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, राज्यसभा सदस्य श्री सुमेर सिंह सोलंकी और सुश्री कविता पाटीदार, स्थानीय सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल, सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार और श्री सचिन बिरला, स्थानीय विधायक श्री राजकुमार मेव सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए पुरस्कृत**

# निष्पक्ष निर्वाचन और मतदाताओं की सहभागिता, लोकतंत्र का मूलाधार - राज्यपाल श्री पटेल

भोपाल-(आरएनएस) राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन प्रणाली और मतदाताओं की सहभागिता, लोकतंत्र का मूल आधार है। निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आयोग, कम मतदान वाले केन्द्रों को चिन्हित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने जनजागृति के विशेष प्रयास करें। राज्यपाल श्री पटेल शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।

राज्यपाल श्री पटेल ने निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी स्तर के अधिकारी-कर्मचारी और आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण भी किया गया। राज्यपाल ने आयोग द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ



किया। कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार के वीडियों संदेश का प्रसारण भी किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश के 52 जिलों में महिलाओं का पंजीकरण पुरूषों की तुलना में अधिक हुआ है। यह लोकतंत्र के समावेशी स्वरूप की बढ़ती ताकत का प्रतीक है। आयोग को ऐसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित करना चाहिए जहां विगत कई चुनाव से कम मतदान हो रहा है। ऐसे मतदान केन्द्रों में जाकर कारणों को समझें। वहां की जनता से बात करें। उन्हें लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी दे और मतदान प्रतिशत बढ़ाने विशेष नवाचार करें। राज्यपाल श्री पटेल ने आयोग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग से संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 में प्राप्त आवेदनों के 99.9 प्रतिशत ऑनलाइन निराकरण की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने इसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के प्रयासों और दूरदशिता का प्रमाण बताया और उनके प्रति आभार ज्ञापित किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 में प्रदेश के मतदाताओं विशेषकर महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं की उत्साहपूर्वक सहभागिता को अभूतपूर्व बताया। लोकतंत्र की मजबूती के योगदान प्रयासों के लिए सभी प्रदेशवासियों, मतदाताओं और निर्वाचन आयोग की पूरी टीम को बधाई भी दी।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया के लिए शुद्ध एवं पूर्ण मतदाता सूची होना आवश्यक है। तभी मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में योगदान दे सकेंगे। इसलिए हर पात्र मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग ले। निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ मताधिकार का उपयोग करे। उन्होंने कहा कि यह केवल आयोग का नहीं, देश के नागरिक के रूप में हम सबका परम कर्तव्य और जवाबदारी भी है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आयोग मतदाताओं को उम्मीदवारों की जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र संबंधी भ्रांतियों और भेदभाव से ऊपर उठ कर मताधिकार के उपयोग के लिए सजग करें। मतदाताओं को बताए कि हमारे संविधान ने जो अधिकार दिए है, ये तभी सार्थक होंगे, जब हम अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे और योग्य और नीति परक उम्मीदवारों का निर्वाचन करेंगे। तभी हमारा देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ेगा।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और स्नान के लिए की गई सुविधाएं अनुकरणीय-उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल(आरएनएस)उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सपत्नीक प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर पूजा-अर्चना की। पतित पावनी मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के इस दिव्य संगम में उन्होंने स्नान कर समस्त जनकल्याण एवं प्रदेश की समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं कीं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि महाकुंभ के इस पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में स्नान कर अनुगृहीत हूं। यह स्थान केवल तीर्थ नहीं, बल्कि अध्यात्म, श्रद्धा और संस्कार का प्रतीक है। यहां का पवित्र जल मानव जीवन को शुद्ध और समृद्ध बनाता है। उन्होंने महाकुंभ की व्यवस्थाओं की सराहना की। लाखों श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और स्नान के लिए की गई सुविधाएं अनुकरणीय हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मां गंगा से प्रदेश की सुख-समृद्धि और नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। साथ ही, उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि कुंभ के इस अवसर पर मां गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखें।

## शासकीय शालाओं में 26 जनवरी पर विशेष भोज का आयोजन होगा

दतिया।(आरएनएस)। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र दतिया ने जानकी देते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस का आयोजन देश के प्रेम और राष्ट्रीयता की अभिव्यक्ति का प्रतीक है। जिसमें शालाओं में विद्यार्थीगण भी शामिल होते हैं। इस राष्ट्रीय पर्व को शाला स्तर पर उत्वस के रूप में मनाने हेतु गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को पीएम पोषण के अंतर्गत शासकीय एवं शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं एवं मदरसे जिन्हे सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत सहायता दी जा रही है। उनमें विशेष भोज का आयोजन किया जाना है।

जिला दतिया अंतर्गत समस्त मध्यान्ह भोजन प्राप्त करने वाले शासकीय एवं शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं एवं मदरसे के सचिव, प्रभारी प्रधानाध्यापकों एवं स्वसहायता समूहों को निर्देशित किया जाता है वह अपने-अपने विद्यालयों में 26 जनवरी 2025 को विशेष भोज में विद्यार्थियों को पूरी, सब्जी, खीर अथवा हलुआ तथा इसके साथ लडडूओं का भी वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर विशेष भोज हेतु जनसहयोग एवं जनभागीदारी लिया जना भी श्रेयस्कर होगा। इस अवसर पर जनसहयोग प्रदान करने वाले नागरिक तथा जनप्रतिनिधियों को भी अतिथियों के रूप में आमंत्रित किया जाए। प्रत्येक शाला हेतु रोस्टर अनुसार निर्धारित अंत्योदय कार्डधारी बृद्वजन व माताऐं भी विशेष भोज में सहभागी हो तथा उनके द्वारा भोजन का निरीक्षण किया जावे। संबधित शालाओं के शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि वे अपनी निगरानी में सामग्री का निरीक्षण कर भोजन तैयार कराएं।

## प्रदेश की उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशालाओं को एनएबीएल से मिलेगी मान्यता

भोपाल-राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा बनाई गई कार्ययोजना के तहत आगामी एक वर्ष में प्रदेश की सभी अधिसूचति 6 उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशालाओं को एनएबीएल से मान्यता प्रदान कराई जायेगी। नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड केलीब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) उर्वरक, मिट्टी, खाद्य पदार्थों, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि का परीक्षण करने वाली प्रयोगशालाओं को मान्यता प्रदान करता है। एनएबीएल यह सुनिश्चित करता है कि परीक्षण के परिणाम सटीक और विश्वसनीय हों।

## लोकरंग महोत्सव 26 जनवरी से रवींद्र भवन परिसर में राज्यपाल श्री पटेल करेंगे शुभारंभ

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की गरिमामयी उपस्थिति-17 राज्यों के जनजातीय लोक नृत्य के साथ लगेगी पारम्परिक बहुवर्णी वाद्य प्रदर्शनी भी**

भोपाल (आरएनएस) संस्कृति विभाग की जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा गणतंत्र के 40वें लोकोत्सव 'लोकरंग' का आयोजन 26 से 30 जनवरी तक रवीन्द्र भवन परिसर, भोपाल में किया जा रहा है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल लोकरंग महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति रहेंगी। संचालक संस्कृति श्री एन.पी नामदेव ने बताया कि समारोह के पहले दिन 26 जनवरी, 2025 को शुभारंभ अवसर पर वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति दी जायेगी। इसके सूत्रधार ख्यात कलाकार श्री मुकेश तिवारी होंगे। साथ ही 27 से 29, जनवरी, 2025 दोपहर 02 बजे से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एवं प्रदर्शन भी किया जायेगा। समारोह में पारम्परिक नृत्य, गायन-वादन, शिल्प और व्यंजन मेला भी लगेगा।



समारोह में करीब 300 से अधिक शास्त्रीय, लोक और जनजातीय पारम्परिक वाद्ययंत्रों को प्रदर्शित करती बहुवर्णी वाद्य प्रदर्शनी का भी संयोजन का जा रहा है। सोमवार 27 जनवरी को लोकरंग के 40 वर्षों की यात्रा का 40 वाद्यों की संगति में नाद समन्वित प्रस्तुति भी दी जायेगी, जिसका निर्देशन सितार वादिका सुश्री स्मिता नागदेव कर रही हैं। लोकवार्ता में संस्कृति विभाग के प्रकाशन, परम्परा में वाद्य विषयक संगोष्ठी भी आयोजित होगी। समारोह के अंतिम दिन 30 जनवरी को महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर माधवास रॉक बैंड, वृंदावन की भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगे।

लोकराग - देशराग

%लोकराग% अंतर्गत 27 से 29, जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से आंचलिक गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। जिसमें 27 जनवरी को बघेली लोक गायन, 28 जनवरी को बुन्देली लोक गायन, 29 जनवरी को मालवी एवं निमाड़ी लोक गायन की प्रस्तुति होगी। वहीं 27 से 29 जनवरी तक सायं 06 बजे से %देशराग% अंतर्गत 27 जनवरी को श्री जितेंद्र चौरसिया एवं साथी, महोबा द्वारा आल्हा गायन, 28 जनवरी को श्री जस्सु मांगणियार एवं साथी, जयपुर द्वारा मांगणियार लोक गायन, 29 जनवरी को सुश्री रश्मि प्रिया झा एवं साथी, मुम्बई द्वारा मैथिली लोक गायन की प्रस्तुति दी जायेगी।

धरोहर - देशान्तर

%धरोहर% गतिविधि में मध्यप्रदेश एवं अन्य 16 राज्यों के जनजातीय एवं लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया होगा, जिसमें मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, झारखंड, हरियाणा, अरूणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर, केरल के नृत्यों की प्रस्तुति होगी। %देशान्तर% गतिविधि में 27 से 29 जनवरी तक क्रमशः पेरिस, लेबनान, जर्मनी के सांस्कृतिक दलों द्वारा नृत्य प्रस्तुतियाँ दी जायेगी।

शिल्प मेला लोकरंग में विविध प्रकार के शिल्पों के मेले की एक विशिष्ट पहचान है।

# उद्यानिकी फसलों के लिए बनेगी पृथक मंडी-मंत्री कुशवाह

भोपाल।(आरएनएस)। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उद्यानिकी फसलों के लिए पृथक उद्यानिकी उपज मंडी बनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा लिए गये निर्णय पर अमल के लिए उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में उद्यानिकी बोर्ड की बैठक गुरूवार को मंत्रालय में हुई।

मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी फसलों के उत्पादक कृषकों को उनकी फसल का उचित दाम दिलवाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा पृथक से उद्यानिकी फसल उपज मंडी बोर्ड बनाने पर कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ऐसी प्रमुख 11 कृषि उपज मंडी इंदौर, बुरहानपुर, शाजापुर, मंदसौर, उज्जैन, बदनावर, रतलाम, नीमच, भोपाल, जावरा और शुजालपुर, जिनमें एक लाख टन से अधिक उद्यानिकी फसलों की आवक होती है, ऐसी मंडियों में प्रथम चरण में बोर्ड बनावर उद्यानिकी फसलों के विक्रय के लिये पृथक से परिसर बनेगा। मंत्री कुशवाह ने निर्देश दिये कि संचालक उद्यानिकी, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक एमपी एग्रो एवं विशेषज्ञों की टीम एक माह में विस्तृत सर्वे कर सलाहकार बोर्ड के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। कुशवाह ने कहा यह उद्यानिकी उपज मंडी पूर्णतः हाईटैक होंगी, जिनमें फसल उत्पादक किसान सीधा उपभोक्ताओं को अपनी फसल का विक्रय कर सकेगा। यह व्यवस्था बिचौलियों से मुक्त होगी।

वर्तमान में म.प्र. कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के अधीन म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड का गठन किया गया है। इनमें कृषि और उद्यानिकी का फसलों का क्रय-विक्रय एक ही परिसर में किया जाता है। प्रदेश की 25, कृषि उपज मंडी समिति है इनमें फल-सब्जियों के विक्रय के लिये 174 मंडियाँ अधिसूचित है। नवीन व्यवस्था लागू हो जाने पर फल-फूल सब्जी फसल के लिये पृथक नवीन परिसर बनाये जाएगें।

## राज्य मंत्री लोधी ने फितूर मैड्रिड में मध्यप्रदेश पर्यटन को किया प्रमोट

भोपाल।(आरएनएस)। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने स्पेन में प्रमुख ट्रैवल और टूरिज्म इवेंट्स फितूर मैड्रिड 2025 में भागीदारी की। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने भारत के स्पेन में राजदूत दिनेश के. पटनायक के साथ मध्यप्रदेश पवेलियन का शुभारंभ किया। राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश के पर्यटन को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने के लिए स्न्नद्ध्रञ्जक्र में पार्टिसिपेट किया गया है। मध्यप्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं है। और सभी पर्यटकों को जीवन में कम से कम एक बार मध्यप्रदेश आने के लिए आमंत्रित करने आए है। राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि आयोजन में विश्व के लगभग 108 देशों ने सहभागिता की है। यहां आए टूर और ट्रैवल एजेंट, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के प्रतिनिधियों के माध्यम से पर्यटकों को विभिन्न देशों के पर्यटन संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त हो सकेगी। फितूर 2025 के माध्यम से मध्यप्रदेश, टूरिज्म विशेषज्ञों से संवाद करने और के रूप में अपनी पहचान को स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. इलैयाराजा टी, उप संचालक टूरिज्म बोर्ड टूरिज्म बोर्ड विवेक जूड और प्रमुख हितधारक उपस्थित रहे।



पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



### भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि समय आ गया है कि अपराध करने के बाद देश फरार भगोड़ों को पकडने और उन्हें न्याय के कठघरे में लाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करे। केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल लॉन्च करते हुए शाह ने कहा कि इससे देश की हर जांच एजेंसी और पुलिस बल सरलता से इंटरपोल के साथ जुड़ कर जांच को रफ्तार दे सकेगा। मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नये आपराधिक कानूनों में आरोपियों की अनुपस्थिति में ट्रायल के प्रावधान को जोडने की चर्चा करते हुए उन्होंने हथियारों और मादक पदाथरे व मानव तस्करी और सीमापार होने वाले आतंकवाद के खिलाफ नई व्यवस्था को सहायक बताया। भारतपोल के पांच प्रमुख प्रारूप कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, रेफरेंस, ब्राडकास्ट और रिसोर्स के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजंसियों के लिए तकनीकी रूप से मददगार साबित होने की उम्मीद है। इसके 195 देशों के इंटरपोल से ब्राडकास्ट के जरिए सीधा जुडने से दस्तावेज और जरूरी जानकारियों का लेन-देन आसान हो जाएगा। इसकी विशेषता रिअल टाइम इंटरफेस भी है जो सीधा संवाद स्थापित करेगी। अब तक सीबीआई, आईएओ और यूओ के बीच संचार ई-मेल तथा फैक्स द्वारा ही संभव था। अंतरराष्ट्रीय डाटा सुरक्षित रखने, रेडकॉर्नर नोटिस और अन्य कानूनी नोटिसों के आदान-प्रदान में सहूलियत के साथ ही इंटरपोल के उन्नीस प्रकार के डाटाबेस का विश्लेषण तथा अपराधियों को पकडने की व्यवस्था हो सकेगी। भगोड़े अपराधियों को देश वापस लाने में सरकार को लोहे के चने चबाने पड़ रहे हैं जिससे न केवल देशवासियों के समक्ष, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत में भी कानूनी पकड़ और न्याय-व्यवस्था को लेकर सवालिया निशान लगते रहते हैं।

# जनतंत्र जनसेवा की आदर्श व्यवस्था है

डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र

भारतीय जनतंत्र की लगभग सात दशक लम्बी यात्रा इस बिडम्बना की साक्षी है। गत शताब्दी के आठवें दशक में घटित जनता पार्टी का उद्भव और पराभव इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है। वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था के संदर्भ में अमेरिकन राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को उद्धृत करते हुए कहा जाता है कि 'जनतंत्र जनता के लिए, जनता द्वारा, जनता का शासन है।' सिद्धान्ततः यह कथन आंशिक रुप से सत्य भी है क्योंकि इसमें जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करते हैं। इस दृष्टि से समस्त शासन व्यवस्थाओं में यह व्यवस्था सर्वोत्तम भी है और इसीलिए स्वतंत्रता प्राप्ति के समय हमने इस व्यवस्था को चुना, किन्तु आज हमारे लोकतन्त्र में बढ़ती अविवेकपूर्ण एवं अनुत्तरदायित्व भरी कार्यशैली, जनमन में बढ़ता असंतोष जनित आक्रोश और यत्र-तत्र घटित अराजकतायुक्त दुर्घटनाएं विश्व के इस विशालतम लोकतन्त्र के समक्ष अनेक यक्षप्रश्न उपस्थित कर रही हैं। भारतीय गणतंत्र की इस 76 वें वर्षगाँठ पर इस संदर्भ में गंभीर और विस्तृत विमर्श अपेक्षित है।

सैद्धान्तिक रुप से जनतन्त्र में व्याख्यायित 'जनता' एक इकाई है। जनतन्त्र की उपर्युक्त लिंकन कृत परिभाषा से ध्वनित



होता है कि एक इकाई के रुप में संगठित जनता सम्पूर्ण समाज में से सर्वसम्मति से सुयोग्य नेतृत्व का चयन कर जनकल्याण का पथ प्रशस्त करती है, किन्तु व्यावहारिक रुप से जनतन्त्र में प्रयुक्त जनता एक इकाई नहीं होती। वह अनेक विचारधाराओं, दलों और धर्म-क्षेत्र- जाति-भाषा- व्यवसाय आदि की संकीर्णताओं में बँधे छोटे-छोटे समूहों का समुच्चय होती है, जो मनुष्यता और राष्ट्रीयता की उदार एवं समावेशी हितग्राहिता को हाशिए पर डालकर सत्ता हथियाने की दलीय प्रतिबद्धता के प्रति दुराग्रह प्रकट करती है। निजी निहित स्वार्थों के लिए सचेष्ट ये संकीर्ण समूह परस्पर कीचड़ उछालते हुए सत्ता के गलियारों में आधिपत्य के लिए निरन्तर संघर्ष करते हैं। इसलिए जनतंत्र में शासन 'जनता द्वारा जनता के लिए' न रहकर 'दल द्वारा दल के लिए' हो जाता है और इसी कारण जनता में असन्तोष और आक्रोश जन्म लेता है। जनतंत्र की उदार दृष्टि दलीय महत्त्वाकांक्षाओं की दलदल में धँसकर जनकल्याण से दूर चली जाती है। सत्ताधारी दल जनकल्याण के नाम पर प्रचारित योजनाओं के माध्यम से अपनी भावी चुनावी विजय की रूपरेखा रचता है; वोट-बैंक तैयार करता है और राष्ट्रीय-हितों के नाम पर दलीय-हितों के साधन में अपनी ऊर्जा नियोजित करता है। विपक्षीदल भी उचित-अनुचित का विचार किए बिना सत्ता हथियाने के लिए हर संभव कूट रचना रचते रहते हैं। भारतीय जनतंत्र की लगभग सात दशक लम्बी यात्रा इस बिडम्बना की साक्षी है। गत शताब्दी के आठवें दशक में घटित जनता पार्टी का उद्भव और पराभव इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है। मनुष्य की प्रकृति सामन्तवादी है। वह शासन करना चाहता है। औरों को अपने अधीन अपने नियन्त्रण में रखना चाहता है। परिवार का मुखिया, संस्था का प्रमुख, संगठन का नेता- सब वर्चस्व चाहते हैं और इस वर्चस्व कामना में निहित 'राजस' भाव स्वयं के लिए एवं अपने जाति-वर्ग के लिए सुख-सुविधाएँ जुटाने का उद्यम करता है।

## वृद्ध लोग समाज के मूल्यवान सदस्य

अमित बैजनाथ गर्ग

हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में ग्लोबल हेल्थ स्पैन शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं ने खुलकर चर्चा की। सम्मेलन में सबसे अहम बात बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता के रूप में उभरकर सामने आई। सम्मेलन में करीब दो हजार से अधिक वैज्ञानिक, उद्यमी, नीति निर्माता और विचारक एकत्रित हुए। उन्होंने बुजुर्ग होते समाज के भविष्य के समक्ष आने वाले महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर गहनता से चर्चा की। उनका कहना है कि दुनिया में स्वस्थ वृद्धावस्था के अप्रयुक्त अवसरों के साथ-साथ उभरते हस्तक्षेप, प्रौद्योगिकी, नीतिगत परिवर्तन और भविष्य के लिए आवश्यक निवेश पर खुलकर चर्चा की जानी चाहिए। सम्मेलन में यह बात भी सामने आई कि आज वैश्विक औसत जीवन प्रत्याशा 73.4 वर्ष है, जिसके बढ़कर सौ साल होने की उम्मीद की जा सकती है। वक्ताओं ने कहा कि जीवन प्रत्याशा में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद हमारे जीवन के अंतिम वर्ष अक्सर दीर्घकालिक बीमारी में गुजर रहे हैं। उम्र बढने के साथ कई पूर्वाग्रह और बुढ़ापे को सामाजिक और आर्थिक बोझ के रूप में पेश करने की कहानी सामने आ रही है। कोलंबिया विविद्यालय में प्रोफेसर जॉन आर. बिर्यड ने कहा कि कामकाजी उम्र की आबादी में वृद्ध आश्रितों की संख्या का अनुपात नकारात्मक धारणाओं को मजबूत करता है और समाज में वृद्ध वयस्कों के सार्थक योगदान को नजरअंदाज करता है।

अमेरिका और यूरोप में वृद्ध वयस्क भुगतान किए गए काम, स्वयं सेवा और देखभाल के माध्यम से सकल घरेलू उत्पाद का अनुमानित सात फीसद योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वृद्ध आबादी आर्थिक स्थिरता और नवाचार के लिए भी एक अप्रयुक्त शक्ति हो सकती है।

## भारत के विकास में प्रवासी भारतीय का बड़ा योगदान

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां प्रवासी भारतीय भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है।

हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुतः विदेशों में भारतीय प्रवासी भारत के राजदूत हैं, और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में भारत ने 2024 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उसे पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से सहयोग अपेक्षित है। अपेक्षा है कि वे भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी कहते हुए दिखाई दिए कि वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाएं हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े। गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल, 2000 से सितम्बर, 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया। खास तौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितम्बर, 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्रों में रहा है तथा एफडीआई का यह अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षो में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रेत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रेत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस नेकुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान है। बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन भी शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इंफ्रास्ट्रक्रर डवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं।

### कब है सोम प्रदोष व्रत? जानिए शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

प्रदोष व्रत भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। जनवरी का दूसरा प्रदोष व्रत सोमवार के दिन रखा जाता है। माना जाता है कि जो व्यक्ति सोम प्रदोष का व्रत पूरे विधि-विधान से रखता है, तो भगवान शंकर जल्द प्रसन्न होते है।

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का काफी महत्व है। प्रदोष व्रत भगवान शिव को समर्पित है। इस साल का दूसरा प्रदोष व्रत रखा जाएगा। भक्तजन अपने जीवन की दिक्कतों को दूर करने औप अपनी मानोकामनाएं पूर्ण करने के लिए सोम प्रदोष व्रत रखते है। मान्यता है कि जो व्यक्ति सोम प्रदोष व्रत विधि-विधान से रखता है, भगवान भोलेनाथ उसकी तमाम इच्छाएं पूरी करते हैं और भक्त पर अपनी कृपा दृष्टि बनाएं रखते हैं। आइए जानते हैं सोम प्रदोष व्रत का शुभ मुहूर्त, पूजा-विधि और उपाय- स्नान करने के बाद आप साफ वस्त्र धारण करें। शिव परिवार सहित सभी देवी-देवताओं की विधिवत पूजा करें। अगर व्रत रखना है तो हाथ में पवित्र जल, फूल और अक्षत लेकर व्रत रखने का संकल्प लें। शाम के समय घर के मंदिर में गोधूलि बेला में दीपक जलाएं। फिर शिव मंदिर में भगवान शिव का अभिषेत करें और शिव परिवार की विधिवत पूजा-अर्चना करें। सोम प्रदोष व्रत की कथा सुनें। अब घी के दीपक से श्रद्धा के साथ भगवान शिव की आरती करें।

## सुभाष चंद्र बोसः पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली विरासत

गजेन्द्र सिंह शेखावत

पराक्रम दिवस के अवसर पर, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को रेखांकित करता है, हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अपार योगदान और उनकी अदम्य भावना का सम्मान करते हैं, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए स्थापित, पराक्रम दिवस इस बात पर विचार करने का एक अवसर है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनी व्यक्तिगत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ कैसे एकीकृत कर सकते हैं। यह दिन, न केवल उनके बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी करता है तथा हमें साहस, निष्ठा और नेतृत्व के उनके सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह करता है, ताकि एक समृद्ध, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्त्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे भारतीय गौरव और संस्कृति के पुनरुत्थान का प्रतीक घोषित किया, जो बोस के राष्ट्रवाद के आदर्शों के अनुरूप है।

इसके अलावा, नेताजी से जुड़ी 304 फाइलों को सार्वजनिक करना एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने दशकों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया और जनता को उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के मोइरंग में आईएनए मेमोरियल का पुनरुद्धार, जहां इंडियन नेशनल आर्मी ने पहली बार तिरंगा फहराया था, नेताजी की विरासत को संरक्षित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने बोस के वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, नेताजी का जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित था और उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हो। सुभाष बोस का जन्म कटक में एक सम्मानित परिवार में हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। कटक के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में उन्होंने अपने अध्ययन का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### तिल द्वादशी पर पानी में तिल मिलाकर नहाने से हो जाता है तीर्थ स्नान

रविवार 26 जनवरी को माघ मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी है। इस दिन तिल का सेवन, दान और हवन करने की परंपरा है। पुराणों में द्वादशी तिथि पर भगवान विष्णु की पूजा करने का विधान बताया गया है। नारद और स्कंद पुराण के मुताबिक माघ महीने की द्वादशी तिथि पर तिल दान करने का भी महत्व बताया गया है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि षटतिला एकादशी के अगले दिन तिल द्वादशी व्रत किया जाता है। इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर तीर्थ स्नान किया जाता है। ये न कर पाएं तो घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर नहा सकते हैं। इसके बाद तिल के जल से भगवान विष्णु का अभिषेक किया जाता है और अन्य पूजन सामग्री के साथ तिल भी चढ़ाए जाते हैं। पूजा के बाद तिल का ही नैवेद्य लगाया जाता है और उसका प्रसाद लिया जाता है। ज्योतिष ग्रंथों के मुताबिक बारहवीं तिथि यानी द्वादशी के स्वामी भगवान विष्णु हैं। इस दिन रविवार रहेगा। रविवार के देवता सूर्य हैं। जो भगवान विष्णु और सूर्य से संबंधित हैं। इसलिए इस दिन किए गए व्रत और स्नान-दान का कई गुना पुण्य फल मिलेगा।

## स्वर्णिम भारत का पर्याय है सांस्कृतिक विरासत

भारत में वर्ष 2025 में 76 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। संविधान लागू हुए 75 वर्ष पूरे हो गए। गणतंत्र दिवस 2025 की थीम/प्रसंग है- स्वर्णिम भारत-विरासत और विकास। गणतंत्र दिवस 2025 के मुख्य अतिथि के तौर पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो को चुना गया। भारतीय संविधान की प्रस्तावना को 13 दिसंबर 1946 को जवाहरलाल नेहरू द्वारा संविधान सभा में पेश किया गया था। इसे 22 जनवरी 1947 को स्वीकार किया गया था। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाया गया। आजादी के बाद देश को चलाने के लिए डॉ भीमराव अम्बेडकर के नेतृत्व में हमारे देश का संविधान लिखा गया। जिसे लिखने में पूरे 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन लगे। 26 जनवरी 1950 में भारतीय संविधान को लागू किये जाने के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।


गणतंत्र दिवस की पहली परेड 1955 ई. को दिल्ली के राजपथ पर हुई थी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति तिरंगा फहराते हैं और हर साल 21 तोपों की सलामी दी जाती है। गणतंत्र दो शब्दों से मिलकर बना है। गण और तंत्र। वैदिक काल में गण का शाब्दिक अर्थ था दल/समूह/लोक। तंत्र का शाब्दिक अर्थ होता है डोरा/सूत (रस्सी)। अर्थात ऐसी रस्सी/डोरा, जो लोगों के समूह को जोड़े। लोकतंत्र कहलाता है और यही गणतंत्र है। अतएव हम कह सकते हैं कि गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान को लागू किये जाने का द्योतक है। संविधान की प्रस्तावना



में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द बाद में भारत की भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी द्वारा भारतीय आपातकाल के दौरान जोड़े गए थे। भारत में आपातकाल (25 जून 1975 - 21 मार्च 1977) के दौरान, इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान के बयालीसवें संशोधन में कई बदलाव किए थे। इसी संशोधन के ज़रिए समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को संप्रभु और लोकतांत्रिक शब्दों के बीच जोड़ा गया और राष्ट्र की एकता शब्दों को राष्ट्र की एकता और अखंडता में बदल दिया गया। भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक देश है। अतएव भारत में सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक दृष्टि से स्वावलम्बन, स्वाभिमानता और समानता परिलक्षित होती है।

स्वावलम्बिता, स्वाभिमानिता और समानता के मूल में स्वाधीनता वास करती है। अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता, विचारों की स्वतन्त्रता, विश्वास की स्वतन्त्रता, आस्था और पूजा की स्वतन्त्रता स्वतंत्र भारत की पहचान है। अतएव हम कह सकते हैं कि अक्षुण्ण विरासत और विकास की सेतु पर खड़ा सविधान ही भारतीय गणतंत्र व्यवस्था की पहचान है। आत्मविश्वास का होना ही आपको आत्मनिर्भर बनाता है। भगवद गीता में लिखा है नायं आत्मा बलहीनेन लभ्यः अर्थात यह आत्मा बलहीनो को नहीं प्राप्त होती है। आत्मबल ही आत्मविश्वास की जननी है। आत्मबल और आत्मनिर्भर शब्द एक दूसरे के पूरक हैं। आत्मनिर्भरता, स्वावलम्बी होने को दर्शाता है। स्वावलम्बन जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है। सफलता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को स्वावलम्बी अवश्य होना चाहिए। रामराज्य की परिकल्पना मोहनदास करमचंद गांधी की दी हुई थी। गांधीजी ने भारत में अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति के पश्चात ग्राम स्वराज के रूप में रामराज्य की कल्पना की थी। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। आत्मनिर्भर भारत की नींव गांधी के रामराज्य पर टिकी थी। गाँधी जी का स्वराज्य, रामराज्य की परिकल्पना का आधार था। स्वराज का अर्थ है जनप्रतिनिधियों द्वारा संचालित ऐसी व्यवस्था जो जन-आवश्यकताओं तथा जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हो। यही स्वराज्य रामराज्य कहलाया। स्वराज का तात्पर्य स्वतंत्रता से है। बिना आत्मनिर्भर हुए स्वतंत्र नहीं हुआ जा सकता है। आत्मनिर्भरता या स्वावलम्बिता स्वतंत्र होने की एक कड़ी है। जब हम स्वतंत्र होंगे तभी हम स्वाभिमानी होंगे अर्थात स्वाभिमानिता के लिए स्वाधीनता जरुरी है। हिन्दुस्तान को गांधी का रामराज्य चाहिए। राम राज्य भगवान राम के पुरुषार्थ और शासन का द्योतक है। भगवान राम सहिष्णुता के प्रतीक थे। राम सत्य के प्रतीक थे। तभी तो भगवान् राम ने रामराज्य स्थापित किया था। आज आत्मनिर्भर भारत बनाने की बात हो रही है और वहीँ दूसरी ओर विदेशी कम्पनियाँ और विदेशी सामान की हिन्दुस्तान में बाढ़ आ गई है। प्रत्येक संस्था का निजीकरण होता जा रहा है। बेरोजगारी बढ़ रही है। आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ा है। यदि स्वावलम्बन, समानता और स्वाभिमान की बात करनी हो तो गांधी के रामराज्य की कल्पना करनी होगी। अतएव हम कह सकते हैं कि स्वतन्त्रता, गांधी के रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित होनी चाहिए। सभी राजनैतिक पार्टियों को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के विचारों को आत्मसात करने की जरुरत है। वास्तव में भारत तभी स्वावलम्बी और स्वाभिमानी बन पाएगा। भारत को रामराज्य की परिकल्पना अपने पूर्वजों या पुरखों से विरासत में मिली हैं। रामराज्य की परिकल्पना रूपी विरासत को संजोकर रखने की जरुरत है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। बच्चों को बड़ा सरप्राइज मिल सकता है।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम से आपकी यात्रा हो सकती है, यात्रा लाभदायक रहेगी। बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिलकर अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे।

मिथुन राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा, आप किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर मिलेंगे।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिये मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी कविता लोगों को काफी पसंद आएगी... आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है।

सिंह राशि : आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको मनपसंद काम दिया जा सकता है, काम करने में मन लगा रहेगा। आपसे एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है।

कन्या राशि : आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे, आप खुद भी अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर पर जाने का अच्छा मौका है, किसी रेस्टोरेंट जयेंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आपके सभी काम समय से पूरे होंगे, ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं।

वृश्चिक राशि : आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं जिससे परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। काम की गति बनी रहेगी.... आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके रिश्ते की बात घर पर चल सकती है.... घर का माहौल अच्छा रहेगा।

मकर राशि :आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लायेगा। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें।

कुंभ राशि : आज का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है... आप उनसे अपनी निजी समस्या शेयर कर सकते हैं।

मीन राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों से जुड़ी समस्याओं का समाधान आज निकल जायेगा।



दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र नई दिल्ली में जारी किया गया। संकल्प पत्र 3 को लेकर अमित शाह ने कहा कि दिल्ली की अनधिकृत कालोनी में निर्माण करने, खरीदने और बेचने की अनुमित होगी। दिल्ली के नियमों के हिसाब से निर्माण और बेचने का अधिकार होगा। उन्होंने कहा कि 13 हजार सील दुकानों को लेकर कहा कि इसका कानूनी रास्ता निकाला है। न्यायिक प्राधिकरण बना कर 6 महीने के भीतर सील हुई दुकानों को खोलेंगे।



# अब विकास और सुशासन पर होते हैं चुनाव : शिवराज सिंह चौहान

पटना (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को एकदिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 फरवरी के संभावित दौरे को लेकर अपनी बात कही। इसके अलावा दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि के क्षेत्र में अच्छे काम के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी बधाई दी।

उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में अच्छे काम के लिए मैं मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले महीने बिहार के संभावित दौरे को लेकर कहा, प्रधानमंत्री 24 फरवरी को किसान सम्मान निधि के वितरण और किसानों का सम्मान करने के लिए यहां पधारेंगे।

दिल्ली चुनाव को लेकर पूछे गए एक सवाल पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, अब चुनाव विकास पर होते हैं। सुशासन पर होते हैं। बिहार में तो अभी चुनाव बहुत दूर है, यहां हम लोग काम में लगे हैं। लेकिन, दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ चुनाव जीतकर आ रही है और केजरीवाल की विदाई तय है।

बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 फरवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर भागलपुर गए थे और उसके संदर्भ में विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने बिहार के विकास में कृषि क्षेत्र के योगदान और पिछले वित्तीय वर्ष में किए गए कार्यों की पूरी जानकारी ली।

**बाहुबली अनंत सिंह ने कोर्ट में किया सरेंडर, उधर थाने पहुंचकर गैंगस्टर सोनू ने खुद को किया पुलिस के हवाले**

नई दिल्ली (आरएनएस)। बिहार के बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह ने मोकामा गैंगवार से जुड़े मामले में सरेंडर कर दिया है। अनंत सिंह शुक्रवार दोपहर को सरेंडर करने कोर्ट पहुंचे।

अनंत सिंह उर्फ छोटे सरकार के समर्थकों और सोनू-मोनू गैंग के बीच बुधवार को झड़प हो गई थी। दोनों ओर से फायरिंग की गई। इस बीच, आज अनंत सिंह से मदद मांगने वाले मुकेश को सोनू-मोनू गैंग ने निशाना बनाया। हमजा गांव में मुकेश के घर पर इस गैंग से जुड़े बदमाशों ने फायरिंग की। इसके बाद आरोपी सोनू सिंह और सहयोगी रौशन ने थाने में सरेंडर कर दिया। इसी बीच, खबर है कि अनंत सिंह ने भी सरेंडर कर दिया है। उन्होंने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर किया है। वहीं, आज फायरिंग मामले में ही सोनू गैंगस्टर ने भी सरेंडर किया था।

अनंत सिंह के समर्थकों और सोनू-मोनू गैंग के बीच हुई झड़प का कारण मुकेश है। सोनू-मोनू का ईंट भट्ठा का कारोबार भी है। इस कारोबार को संभालने के लिए सोनू-मोनू ने मुकेश को बतौर मैनेजर रखा था। आरोप है कि मुकेश ने सोनू-मोनू के कारोबार से संबंधी 65 लाख रुपये का गबन किया है। 65 लाख रुपये के गबन मामले में सोनू-मोनू ने मुकेश के घर पर ताला लगा दिया था। इसी बात की शिकायत करने मुकेश अनंत सिंह के पास पहुंचा था। शिकायत मिलने के बाद अनंत सिंह ने सोनू-मोनू से बात भी की, लेकिन ये दोनों अड़ गए और घर का ताला नहीं खुला। इसी बीच, मुकेश ने पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस की मदद से मुकेश के घर का ताला खुला।

जब मुकेश घर वापस आया तो अनंत सिंह उसके घर पहुंचे और उससे मुलाकात की। यहीं पर सोनू-मोनू भी बैठे थे। अनंत सिंह ने समझाने का प्रयास किया तो सोनू-मोनू बहस करने लगे। हालांकि, वह नौरंगा अपने घर चले गए। लेकिन, इसी बीच, अनंत सिंह के समर्थक भी वहां पहुंच गए। अनंत सिंह भी पहुंचे, थोड़ी ही देर में दोनों पक्षों की ओर से फायरिंग की जाने लगी। लगभग आधे घंटे तक फायरिंग हुई, 70 से 80 राउंड गोलियां चलीं।



)प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के बारहवें दिन एक भक्त गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर अपने शिविर में एक साधु से आशीर्वाद प्राप्त करता है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ बातचीत करते हुए, जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद देखते हुए ।

# घर में सरस्वती-लक्ष्मी पूजा और फिर ये सब', सुप्रीमकोर्ट ने क्यों शख्स को लगाई कड़ी फटकार

नई दिल्ली/रांची (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के केस में सजायाफ्ता झारखंड के हजारीबाग निवासी योगेश्वर साव नामक एक शख्स की याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को तल्ख टिप्पणी की। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने पत्नी को प्रताड़ित करने और बेटियों की उपेक्षा करने पर शख्स को कड़ी फटकार लगाई।

कोर्ट ने टिप्पणी की, आप किस तरह के आदमी हैं, जो अपनी बेटियों की भी परवाह नहीं करते? हम ऐसे निर्दयी व्यक्ति को अपनी अदालत में कैसे आने दे सकते हैं। सारा दिन घर पर कभी सरस्वती पूजा और कभी लक्ष्मी पूजाज् और फिर ये सब। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अपीलकर्ता अपनी बेटियों को कृषि भूमि हस्तांतरित करने के लिए सहमत होता है, तभी उसे राहत देने का कोई आदेश पारित किया जाएगा।

कटकमदाग गांव के निवासी योगेश्वर साव उर्फ डब्लू साव को अपनी पत्नी पूनम देवी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में हजारीबाग जिले के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने धारा 498-ए के तहत 2015 में ढाई साल की सजा सुनाई थी। अदालत ने उन्हें 50,000 रुपए के दहेज की मांग को लेकर अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने का दोषी पाया था।

योगेश्वर साव और पूनम देवी की शादी 2003 में हुई थी। इसके बाद उन्हें दो बेटियां हुईं। पूनम देवी ने पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए 2009 में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पति ने ऑपरेशन करवाकर उनका गर्भाशय निकलवा दिया और दूसरी शादी कर ली। पूनम देवी ने खुद और बेटियों के भरण-पोषण के लिए फैमिली कोर्ट में अलग से अर्जी दायर की थी।

इस पर कोर्ट ने योगेश्वर साव को आदेश दिया था कि वह पत्नी को प्रतिमाह दो हजार और बेटियों के बालिग होने तक उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि भरण-पोषण के लिए भुगतान करे।

योगेश्वर साव ने जिला अदालत द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने सितंबर 2024 में उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा, लेकिन गर्भाशय निकलवाने और दूसरी शादी के आरोपों के संबंध में कोई सबूत नहीं मिलने पर सजा को घटाकर डेढ़ साल कर दिया। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने उस पर 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। इसके बाद योगेश्वर साव ने दिसंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

**तेजस्वी को याद करना चाहिए लालू यादव का शासनकाल : गिरिराज सिंह**

बेगूसराय (आरएनएस)। पूर्व विधायक अनंत सिंह और उनके समर्थकों पर हमले की घटना पर सियासत तेज हो गई है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार में जंगलराज का आरोप लगाया, तो केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने लालू राज की याद दिला दी।

गिरिराज सिंह ने कहा, तेजस्वी यादव को कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बात करना अच्छा नहीं लगता।

# नेताजी बोस के जीवन से प्रेरणा लेती रहेगी आज की युवा पीढ़ी : खट्टर

चंडीगढ़ (आरएनएस)। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि आज की युवा पीढ़ी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेती रहेगी। खट्टर ने आज करनाल के कमेटी चौक पर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया।

उन्होंने जय हिंद के नारे के साथ, वहां मौजूद सभी लोगों को नेताजी के विचारों को जीवन में अनुसरण करने का आह्वान किया। इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि नेताजी बोस को आजादी के आंदोलन का बड़ा श्रेय दिया जाता है। उन्होंने नौजवानों को साथ लेकर आजादी के लिए अहम भूमिका निभाई थी। आज उनके जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें यात करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि आने वाली युवा पीढ़ी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से हमेशा प्रेरणा लेती रहेगी और देश के प्रति अपना दायित्व निभाने से कभी पीछे नहीं रहेगी।



प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाते हुए.

# पंजाब सरकार का बड़ा कदम, अब 180 कैमरों के जरिए होगी सब रजिस्ट्रार/जॉइंट सब रजिस्ट्रार कार्यालयों की निगरानी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य के सभी सब रजिस्ट्रार/जॉइंट सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और लोगों की सुविधा के लिए बड़ा फैसला किया है। इस पहल के तहत, पूरे पंजाब में इन कार्यालयों में कुल 180 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

सभी डिप्टी कमिश्नरों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक कैमरा सुचारू रूप से कार्य करे। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) अनुराग वर्मा ने सभी डिप्टी कमिश्नरों को कैमरों की चालू स्थिति के बारे में 31 जनवरी तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

मुख्यालय स्तर पर वरिष्ठ अधिकारी भी इन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी करेंगे। डिप्टी कमिश्नरों को सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज के माध्यम से किसी भी समय अचानक चेकिंग करने का अधिकार दिया गया है। वे जब चाहें, कैमरों के माध्यम से कार्यालयों की गतिविधियों की निगरानी कर सकेंगे।

# दिल्ली में भाजपा पूरे बहुमत के साथ बनायेगी सरकार : विज

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन मंत्री अनिल विज ने गुरुवार को कहा कि 'दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूरे बहुमत के साथ सरकार बनायेगी।' विज ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जिनकी ड्यूटी लगाई है, वे जा रहे हैं। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में पंजाब के सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने को लेकर सवाल के जवाब में विज ने कहा, मेरा 35 से 40 साल का राजनीतिक अनुभव ये बताता है कि चुनाव में रोता वही है जो हार रहा होता है। इनके (आप पार्टी नेता) रोते हुये, लटके हुये चेहरे, मुरझाते हुये चेहरे साफ इशारा कर रहे हैं कि इस बार दिल्ली से केजरीवाल साफ है। उन्होंने कहा कि लोगों के जाने और सरकारी मशीनरी के जाने में अंतर को आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि चुनावों में सारे देश से लोग जाते है, नेता भी जाते है और मंत्री भी जाते है लेकिन जब वे मशीनरी कहते हैं तो उसमें सरकारी अधिकारी/कर्मचारी आ जाते है। विज ने जयपुर आवागमन के संबंध में सवाल पर कहा, 152 डी हाईवे पर मुझे लोग मिले और उन्होंने कहा कि अक्सर यहां पर ओवरलोडेड ट्रक चलते हैं तो मैंने उसी समय वहां के आरटीओ को फोन करके कहा कि इस ओवरलोडेड वाहनों के आवागमन को रोकिये क्योंकि मेरा नाम अनिल विज है। मैं सभी लोगों से कहना चाहता हूं कि लोगों की जिंदगी पर रहम करों, क्योंकि सरकार इतनी मेहनत से सड़कों का जाल बिछा रही है उन पर दया कीजिए, इसलिए गाड़ी जितनी कैपेसिटी की है उतना ही लोड कीजिए, अगर उससे ज्यादा होगा

## दिल्ली के बाद अब वडोदरा में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

वडोदरा (आरएनएस)। गुजरात के वडोदरा में तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। भायली क्षेत्र में स्थित नवरचना स्कूल के प्रिंसिपल को एक ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिसमें दावा किया गया कि पाइपलाइन में बम रखे गए हैं। धमकी भरा ईमेल शुक्रवार तड़के चार बजे आया। सूचना मिलने पर बम निरोधक दस्ते (बीडीएस), क्राइम ब्रांच और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एहतियात के तौर पर छात्रों को आज छुट्टी दे दी गई है। बीडीएस की टीम गहन जांच करने नवरचना स्कूल और विश्वविद्यालय पहुंची। बीडीएस टीम ने विश्वविद्यालय का निरीक्षण करना शुरू कर दिया, जबकि क्राइम ब्रांच और पीसीबी पुलिस की टीमें भी तलाशी अभियान में शामिल हो गईं। सूत्रों के अनुसार, नवरचना स्कूल में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनेताओं के बच्चे भी पढ़ते हैं। पुलिस ने बम की धमकी देने वाले व्यक्ति का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले का उद्घाटन किया.



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के मिल्कीपुर में उपचुनाव से पहले चुनाव प्रचार के दौरान.

# रेलवे की अनोखी पहल, प्लेटफॉर्म-6 पर रेल कोच को बना दिया रेस्टोरेंट

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक नई और अनोखी पहल की शुरुआत की गई है। रेलवे ने प्लेटफॉर्म नंबर-6 सिविल लाइंस पर एक रेल कोच को रेस्टोरेंट में तब्दील कर दिया है, जिसमें यात्री आकर शुद्ध शाकाहारी भोजन का आनंद ले सकते हैं। यह पहल यात्रियों के लिए न सिर्फ एक नया अनुभव है, बल्कि रेलवे की ओर से एक शानदार प्रयास भी है, ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन मिल सके।

रेलवे ने इस विशेष रेल कोच के अंदर पूरी तरह से शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराया है, जिसमें साफ-सफाई और उच्च गुणवत्ता का ख्याल रखा गया है। यहां पर आने वाले यात्रियों ने इस पहल की खूब सराहना की है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालु भी इस नए रेस्टोरेंट का अनुभव कर रहे हैं, जो स्टेशन पर एक आकर्षक स्थल बन गया है।

महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले नेपाल के अर्जुन कार्की ने इस पहल को एक अलग और नया अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने रेलवे के कोच में रेस्टोरेंट देखा तो उन्हें भीतर आने की इच्छा हुई और उन्होंने यहां के भोजन का स्वाद लिया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी तारीफ की।इस रेस्टोरेंट का अनुभव लेने के लिए अन्य श्रद्धालु भी आ रहे हैं। सभी ने रेलवे के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह एक बेहतरीन और सुविधाजनक पहल है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को एक आरामदायक और स्वादिष्ट भोजन का अनुभव मिल रहा है, जो उनकी यात्रा के दौरान एक राहत प्रदान कर रहा है।

महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले नेपाल के अर्जुन कार्की ने इस पहल को एक अलग और नया अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने रेलवे के कोच में रेस्टोरेंट देखा तो उन्हें भीतर आने की इच्छा हुई और उन्होंने यहां के भोजन का स्वाद लिया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी तारीफ की।इस रेस्टोरेंट का अनुभव लेने के लिए अन्य श्रद्धालु भी आ रहे हैं। सभी ने रेलवे के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह एक बेहतरीन और सुविधाजनक पहल है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को एक आरामदायक और स्वादिष्ट भोजन का अनुभव मिल रहा है,



इन दिनों एक अफेयर बेहद चर्चा में आया हुआ है। ये अफेयर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और फ्रेंड्स स्टार जेनिफर एनिस्टन का माना जा रहा है। खबरें हैं कि दोनों का अफेयर चल रहा है। ये खबर एक वीकली मैगजीन द्वारा रिपोर्ट पेश करने के बाद सामने आई है। वहीं जेनिफर एनिस्टन अक्टूबर 2024 में ही एक शो के दौरान इन अटकलों को खारिज कर चुकी है।



# मोनालिसा की लेटेस्ट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर मचाया धमाल, कैमरे सामने दिए किलर पोज



भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी अदाओं से लोगों के दिलों पर खंजर चलाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक से फैंस के बीच कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉट अदाओं को देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी खूबसूरती और ग्लैमरस लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर अक्सर तबाही मचाती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में मोनालिसा की हॉटनेस देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने पिंक कलर की फ्लोरल इंडो-वेस्टर्न ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं।

खुले बाल, माथे पर बिंदी, गले में नेकलेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपने परफेक्ट बॉडी कर्व्स कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करती हुई फैंस को दीवाना बना रही हैं।

मोनालिसा सोशल इन दिनों भले ही टीवी शोज में दिखाई नहीं दे रही हो, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

## अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स का नया गाना तू है तो मैं हूं हुआ रिलीज

अक्षय कुमार पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर चर्चा में ने हुए हैं। उन्होंने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा है। अब अक्षय को स्काई फोर्स से बड़ी उम्मीदें हैं। देशभक्ति से भरपूर फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, वहीं अब निर्माताओं ने स्काई फोर्स का नया गाना तू है तो मैं हूं जारी कर दिया है। इस गाने को अरिजीत सिंह और अफसाना खान ने मिलकर गाया है। तू है तो मैं हूं गाने में वीर पहाड़िया और सारा अली खान की खूबसूरत जोड़ी देखने को मिल रही है। वीर अपने जुनूनी अवतार से पाकिस्तान की ईंट से ईंट बजाने के लिए तैयार हैं। सारा फिल्म में उनकी पत्नी की भूमिका में हैं। फिल्म में निमरत कौर भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म 24 जनवरी, 2025 को यानी गणतंत्र दिवस के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही

# मुंबई में ठिकाना ढूंढने भटक रही यामिनी मल्होत्रा, सोशल मीडिया पोस्ट में बयां किया अपना दर्द



बिग बॉस 18 की कंटेस्टेंट रहीं यामिनी मल्होत्रा इन दिनों मुंबई में रहने के लिए घर की तलाश कर रही हैं। यामिनी दिल्ली से मुंबई शिफ्ट होना चाहती हैं लेकिन उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर कर बताया है कि उन्हें कितनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, बिग बॉस 18 के बाद यामिनी अब मुंबई में रहना चाहती हैं लेकिन उन्हें रहने के लिए छत नहीं मिल रही है। वह पिछले कई दिनों से घर की तलाश कर रही हैं लेकिन कोई भी उन्हें अपने घर में किराए पर रहने नहीं दे रहा है। इन सब चीजों से परेशान होकर यामिनी ने अब सोशल मीडिया का सहारा लिया है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया है कि उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यामिनी ने सोशल मीडिया पर जो तस्वीर जारी की है उसमें उन्होंने लिखा है कि उन्हें कुछ ऐसा शेयर करना पड़ रहा है जो उनके लिए काफी निराशाजनक रहा है। यामिनी ने लिखा- जितना मैं मुंबई से प्यार करती हूं, यहां फ्लैट मिलना उतना ही मुश्किल होता जा रहा है। मुझसे सवाल पूछे जा रहे हैं कि मैं हिंदू हूं या मुसलमान, गुजराती हूं या मारवाड़ी।

जैसे ही लोगों को पता चलता है कि मैं एक्ट्रेस हूं, वे सीधे मना कर देते हैं। यामिनी ने आगे एक सवाल लिखा कि क्या एक्टर होने के नाते मैं घर खरीदने के लायक नहीं हूं। यह बहुत ही आश्चर्यजनक बात है कि साल 2025 में भी लोग आपसे ऐसे सवाल पूछते हैं। क्या हम वाकई मुंबई को सपनों का शहर कह सकते हैं अगर ये सपने कुछ शर्तों पर पूरे हों।

## कांताराः चैप्टर 1 के मेकर्स होम्बले फिल्म्स तैयार कर रहे ग्रैंड वॉर सीक्वेंस, ऋषभ शेट्टी अब कुछ बड़ा करने वाले हैं

होम्बले फिल्म्स की कांतारा, जिसमें ऋषभ शेट्टी लीड रोल में हैं, ने दुनियाभर में जबरदस्त सफलता हासिल की. फिल्म को शानदार रिव्यूज मिले, जहां क्रिटिक्स और ऑडियंस दोनों ने इसके दमदार एक्शन, दिलचस्प कहानी और ऋषभ शेट्टी की बेहतरीन परफॉर्मेंस की खूब तारीफ की. उनकी एक्टिंग ने हर सीन को यादगार बना दिया और फिल्म को एक सिनेमैटिक मास्टरपीस का दर्जा दिलाया.

जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने कांतारा: चैप्टर 1 का अनाउंसमेंट कर दिया, जिससे फैन्स में जबरदस्त एक्साइटमेंट है. पोस्टर्स ने पहले ही ऑडियंस को इसके रिलीज के लिए बांधे रखा है, और मेकर्स इसे भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे. इस समय एक बड़े पैमाने पर वॉर सीक्वेंस की शूटिंग चल रही है, जिसमें कई इंटरनेशनल स्पेशलिस्ट और भारी-भरकम क्रू शामिल है. एक इंडस्ट्री सोर्स के मुताबिक, होम्बले फिल्म्स इस समय कांतारा: चैप्टर 1 के लिए एक बड़े लेवल का वॉर सीक्वेंस शूट कर रही है. प्रोडक्शन हाउस ने इसके लिए एक बड़े क्रू और कई इंटरनेशनल स्पेशलिस्ट्स के साथ काम किया है. यह वॉर सीक्वेंस कुछ ऐसा होगा, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया है. इसे शूट करने में पूरे 3 महीने लगेंगे. यह फिल्ममेकर्स की बेमिसाल सिनेमैटिक एक्सपीरियंस देने की डेडीकेशन को दिखाता है. ऐसा लगता है कि मेकर्स अपनी लिमिट्स से आगे बढ़कर काम कर रहे हैं, क्योंकि इस सीक्वेंस का स्केल फिल्म की भव्यता को एक नए लेवल पर ले जाने वाला है. कंतारा ने हमें कोला उत्सव से परिचित कराया, जिसे भूमता कोला, दैवा कोला या नेमोत्सव भी कहा जाता है. यह भारत के तूलू भाषी इलाकों में आत्माओं और देवी-देवताओं की पूजा और नृत्य प्रदर्शन का एक रिवाज है. फिल्म ने कोला उत्सव की दुनिया को स्क्रीन पर ऐसा दिखाया, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया था. खासकर, फिल्म के आखिरी 20 मिनट सच में एतिहासिक थे. इस उत्सव को देखना एक जादुई अनुभव था.

# खूब जमेगा रंग जब शादी के मंडप में होगी जंग, यामी गौतम-प्रतीक गांधी स्टारर एक्शन-कॉमेडी से भरपूर धूम धाम का टीजर आउट

एक्शन-कॉमेडी से भरपूर यामी गौतम और प्रतीक गांधी स्टारर धूम धाम का टीजर आउट हो चुका है। एक मिनट 31 सेकंड के टीजर में एक्शन के साथ कॉमेडी भी देखने को मिली जहां फिल्म के मुख्य किरदार (यामी और प्रतीक) दुश्मनों को मजा चखाते नजर आए।

फिल्म मेकर्स ने ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर टीजर को लॉन्च किया। टीजर की शुरुआत प्रतीक और यामी के साथ बैठने और बैकग्राउंड में लाल दुपट्टे वाली जरा नाम तो बता गाने के साथ होती है। इसके बाद उनके कमरे में गुंडे घुस जाते हैं। चारों ओर गोलियों की बौछार के साथ टीजर में एक्शन का तड़का दिखता है। फिल्म में एक्शन के साथ कॉमेडी का मिक्सअप कमाल का है। 14 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज को तैयार फिल्म दर्शकों को रोमांचक सफर पर ले जाने का वादा करती है। धूम धाम में कोयल (यामी गौतम) गुस्सैल और साहसी लड़की के किरदार में हैं। वहीं, प्रतीक डरपोक लड़के के किरदार में हैं। टीजर से पहले 'धूम धाम' मेकर्स ने फिल्म का मजेदार फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया था। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर के साथ मजेदार कैप्शन देते हुए लिखा था, रिश्ते के लिए हमें डीएम (डायरेक्ट मैसेज) ना करें क्योंकि हमारी शादी 'धूम धाम' से होने वाली है।

सोशल मीडिया पर अखबार के डिजाइन में साझा पोस्टर में एक तरफ यामी गौतम और दूसरी तरफ अभिनेता प्रतीक गांधी की तस्वीर लगी है। यामी की तस्वीर के नीचे लिखा है, दूल्हा चाहिए, नाम कोयल चड्ढा (मुंबई) शादी योग्य उम्र, संस्कारी, आध्यात्मिक और घरेलू लड़की। सुशील परिवार। योग्य दूल्हे की तलाश है। शादी एक जंगली सवारी है और मैं कोई यात्री राजकुमारी नहीं हूं। अगर मेरे डॉगी (कुत्ता) तुम्हें पसंद करते हैं, तो रिश्ता पक्का समझो।

वहीं, दूसरी ओर प्रतीक गांधी की तस्वीर के नीचे लिखा है, दुल्हन चाहिए। डॉ. वीर, उम्र 29 वर्ष, गुज्जू बॉय (गुजरात में रहने वाले लोगों को गुज्जू बॉय कहते हैं)। पशु चिकित्सक। कुंवारे जीवन से रिटायर होना चाहता हूं इसलिए सही महिला की तलाश है। ड्राई राज्य (अहमदाबाद रॉक्स) में रहता हूं, लेकिन आपको हर हाल में प्यार करने के लिए तैयार हूं। एडवेंचर मेरा मध्य नाम है। आपके दिल में गरबा करूंगा। कृपया मुझसे 989*****2 नंबर पर संपर्क करें। धूम धाम के बारे में अभिनेत्री यामी गौतम ने हाल ही में प्रशंसकों को एक अपडेट भी दी थी। उन्होंने बताया कि धूम धाम फिल्म के साथ वह प्रशंसकों को हंसाने के लिए तैयार हैं। ऋषभ सेठ के निर्देशन में तैयार धूम धाम को यामी के पति और निर्माता-निर्देशक आदित्य धर ने अपने भाई लोकेश धर के साथ प्रोड्यूस किया है।

## छावा का ट्रेलर रिलीज, हर सीन पर खड़े होंगे रोंगटे, एक बार फिर हाई जोश में दिखे विक्की कौशल

विक्की कौशल साल 2025 की शुरुआत अपनी होस्टोरिकल-पीरियड- एक्शन ड्रामा फिल्म छावा से करने जा रहे हैं. छावा में विक्की कौशल के अपोजिट साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना लीड रोल में होंगी. यह पहली बार है जब विक्की और रश्मिका मंदाना किसी फिल्म में साथ काम करने जा रहे हैं. फिल्म छावा अगले महीने यानि फरवरी में रिलीज होने जा रही है. इससे पहले दर्शकों को फिल्म छावा के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार थास, जो अब खत्म हो चुका है. छावा का ट्रेलर रिलीज हो गया है. बता दें, छावा के मेकर्स मडोक ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर फिल्म छावा से विक्की कौशल का एक पोस्टर शेयर किया था. इस पोस्टर में विक्की कौशल पीठे दिखाए संभाजी महाराज के रोल में खड़े थे. पोस्टर के साथ फिल्म के मेकर्स ने बताया है कि छावा का ट्रेलर आज शाम 5.15 बजे रिलीज होगा. बता दें,

# अगर एक महीने तक दूध वाली चाय छोड़ देंगे तो शरीर में दिखेंगे ये बदलाव, यकीन नहीं करेंगे आप!



आजकल ज्यादातर लोगों की सुबह की शुरुआत चाय से होती है. अगर सुबह की शुरुआत एक कप गर्म दूध वाली चाय से होती है तो पूरा दिन फ्रेश- फ्रेश महसूस होता है. लेकिन क्या आपको पता हैं कि दूध वाली चाय आपकी सेहत पर क्या असर डाल सकती है? अगर आप एक महीने दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो आपके शरीर में किस तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं आइए जानते हैं एक्सपर्ट से इसके बारे में विस्तार से...

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीयेंगे तो क्या होगा-

मोटापा कम हो सकता है

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो इससे आपका वजन कम करने में मदद मिलेगी. क्योंकि दूध वाली चाय में मौजूद कैलोरी और चीनी वजन बढ़ने का एक बड़ा कारण है. दूध वाली चाय कम करने से आपका कैलोरी का सेवन कम हो जाएगा, जिससे वजन घटाने में मदद मिलेगी.

पाचन में सुधार होगा

दूध वाली चाय में मौजूद कैफीन और टैनिन आपके पाचन को स्लो कर सकते हैं और एसिडिटी की समस्या को बढ़ा सकते हैं. ऐसे में दूध वाली चाय कम पीने से आपका पाचन तंत्र बेहतर हो सकता है और एसिडिटी की समस्या कम होती है.

स्किन हेल्दी और चमकदार दिखेंगे

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो आपके स्किन हेल्दी और चमकदार दिखते हैं. दूध वाली चाय में मौजूद शुगर त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है और मुंहासे पैदा कर सकती है. ऐसे में दूध वाली चाय कम पीने से आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार दिखेगी.

दिल के लिए फायदेमंद

दूध वाली चाय पीने से भी हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है. इसलिए दूध वाली चाय न पीने से हृदय स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है.

# कांपते हाथों से आईलाइनर कैसे लगाएं? इन ट्रिक्स से अप्लाई करें परफेक्ट आईलाइनर



चेहरे की खूबसूरती में आंखें चार चांद लगाती हैं. आंखों को ज्यादा अट्रैक्टिव बनाने के लिए महिलाएं आईलाइनर का इस्तेमाल करती हैं. इसे लगाने से न केवल आंखें खूबसूरत नजर आती हैं बल्कि देखने में बड़ी भी लगती हैं. कॉलेज हो या फिर ऑफिस बहुत सारी लड़कियां और महिलाएं डेली रूटीन में भी आईलाइनर लगाना पसंद करती हैं. लेकिन कुछ लोगों के आईलाइनर लगाते समय हाथ कांपते हैं. अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आप यहां बताई ट्रिक्स को अपनाकर परफेक्ट आईलाइनर लगा सकती हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

फ्लैग स्टीकर का करें यूज

अगर आपके हाथ भी लाइनर लगाते समय कांपते हैं या फिर आप खुद से आईलाइनर अप्लाई नहीं कर पाते हैं, तो आपको फ्लैग स्टीकर का यूज करना चाहिए. इससे आईलाइनर लगाना आसान हो जाता है.

लिक्विड की जगह लगाएं पेंसिल आईलाइनर

अगर आपको लाइनर लगाना सही से नहीं आता है तो हमेशा पेंसिल आईलाइनर का इस्तेमाल करें. क्योंकि शुरुआत में लिक्विड लाइनर को लगाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है.

छोटे-छोटे हिस्सों में लगाएं आईलाइनर लगाने में जल्दबाजी बिल्कुल न करें. इससे यह खराब हो सकता है. इसलिए हमेशा छोटे-छोटे हिस्सों में आई लाइनर लगाएं.

कोहनी का सहारा लेकर लगाएं आईलाइनर

हाथ कांपने पर कोहनी का सहारा लेकर आईलाइनर लगाएं. इससे आपके हाथ स्थिर रहेंगे. अपने हाथों को रिलैक्स रखें और आराम से आंखों पर आईलाइनर लगाएं.

## शब्द सामर्थ्य -306


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 305 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना सिहोरा मे श्रीमती सिया बाई उम्र 40 वर्ष निवासी कंकाली मोहल्ला सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके मोहल्ले का मोन्टी उर्फसिद्धार्थ चौहान आये दिन शराब पीकर मोहल्ला में गाली गलौज करता है आज रात लगभग 00-30 बजे मोन्टी उर्फसिद्धार्थ चौहान हनुमान मंदिर के पास कंकाली मोहल्ला में आकर उसके तथा उसके बेटे अंकित साहू को गाली गलौज कर शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये की मांग कर रहा था रूपये नहीं देने पर उसको एवं उसके बेटे को तलवार से जान से खत्म करने की धमकी दे रहा था।







# 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में आज 15वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन कल्चरल स्टेट स्थित संस्कृति थिएटर में किया गया। कार्यक्रम के विशिष्टद अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्याय थे। इस अवसर पर कलेक्ट र श्री सक्से्ना ने कहा कि आज का दिन लोकतंत्र के लिए महत्वशपूर्ण दिन है। अब लोकतंत्र नए जमाने का धर्म है। लोकतंत्र में परिपक्कतता धीरे.धीरे चरित्र व स्व भाव से ही आता है। हिन्दुोस्तानन एकमात्र ऐसा देश है जहां बिना भेदभाव के मतदाता सूची तैयार की जाती है और मतदान किया जाता है। पश्चिमी देशों में लोकतंत्र के विकास में लंबा समय लगा लेकिन भारत आजादी के बाद अचानक एक परिपक्कश व नए रूप में सामने आया। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लगातार प्रशिक्षण व शिक्षाएं देकर सुधार की गई। जिससे इसमें लोगों का रुझान बढ़ा। लेकिन अभी भी शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कम होता हैए अतरू लोगों को इस पर विचार करना चाहिए कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में वे निष्पेक्ष रूप से सहभागी हों। मतदाता सूची में बिना किसी भेदभाव के नाम जोड़ने के क्रम में ही नाम जोड़ा जाता है तथा सामान्य व व्हीतआईपी लोगों के फोटो एक जैसे होते हैं। उन्हों ने कहा कि लोकतंत्र को सही तरीके से देश में लाने के लिए चुनाव की भांतियों को दूर करना होगा। लोकतंत्र की ताकत ही देश को आगे बढ़ायेगी और लोकतंत्र की ताकत है निष्पिक्ष मतदान। अतरू सभी लोग बिना भेदभाव के मतदान करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्या य ने देश में निर्वाचन की व्यनवस्थाव को अपनाने तथा व्यिस्क मताधिकार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बहुत से देश में महिलाओं के मतदान के लिए क्रांतियां भी हुईए लेकिन भारत में ऐसा नहीं है। भारत में व्यसस्कह मताधिकार हैए जिसमें व्यास्का महिला व पुरूष अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाकर मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए यहां सतत् सुधार हुए हैं। जिसके कारण ही यहां का लोकतंत्र एक बड़ा व सशक्तत लोकतंत्र हैए जबकि भारत के साथ ही स्वोतंत्र हुए अन्यक देश व पड़ोसी देशों में लोकतंत्र सफ्ल नहीं हो पा रहा है। उन्हों ने कहा कि सभी लोग अपने मताधिकारों को पहचानेए उसका उपयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत करें।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सक्सेजना द्वारा लोकतंत्र को और मजबूत करने के लिए मतदाताओं को शपथ दिलाई। इस अवसर पर सुरमय निर्वाचन गीत की प्रस्तुति जानकी बैंड द्वारा दी गई। कार्यक्रम के श्रृंखला में श्री राम ग्ररुप आफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में नवीन वोटर रोशनी अधिकारीए मोक्ष रोहराएसिया बुधवानी अंशु साहू दिव्यांगना लाल इत्यादि को एपिक कार्ड प्रदान कर तथा ष्मैं हूं भारत का मतदाताष् का बेज लगाकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के लिए थीम ष्वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हमष् के जिला स्तरीय तीन विजेताओं क्रमशः मधु चौबे माता गुजरी महिला महाविद्यालय श्रीमती मनोरमा जैन प्रगति शैक्षिक अध्ययन संस्थान एवं ललित कुमार मखीजा नवयुग महाविद्यालय को कलेक्टर श्री सक्सेगना द्वारा नगद पुरस्कार एवं आकर्षक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मतदाता में उत्कृनष्टग कार्य करने वालों को सम्माकनित भी किया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम के आयोजन में अपर कलेक्टर द्वय मिशा सिंह एवं श्री नाथूराम गौंडए उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धीरेंद्र सिंहए अतिरिक्तर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मनोज सिंह मंचासीन रहे

# छत से गिरने से मजदूर की दर्दनाक मौत, शरीर के हो गए दो टुकड़े



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर के गोराबाजार थानाक्षेत्र में सुबह-सुबह एक हादसे में मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। तिलहरी में पापुलर ब्रेड की फैक्ट्री है। यहां पर कुछ मजदूर फैक्ट्री का पुराना निर्माण तोड़ रहे थे। सुबह करीब 10.30 बजे लेंटर की तुड़ाई करते-करते मंडला निवासी भूरेलाल विश्वकर्मा लेंटर के साथ ही नीचे गिर गया। इस दौरान किसी धारदार सामग्री के संपर्क में आकर मजदूर के शरीर के दो टुकड़े हो गए, मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मजदूर के शरीर को दो हिस्सों में बंटा देख वहां के अन्य मजदूरों के होश उड़ गए और उनमें से कुछ तत्काल काम छोड़कर वहां से चले गए। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि घटना के करीब डेढ़ घंटे बाद भी फैक्ट्री की ओर से पुलिस को सूचना नहीं दी गई। आसपास के कुछ लोगों ने अंदर जाने का प्रयास किया, तो फैक्ट्री वालों उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। फैक्ट्री वालों ने इस घटना छिपाने के प्रयास किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। घटना के वक्त वहां मौजूद मजदूरों व संचालकों से भी पूछताछ की जा रही है।

## घर से सिलेण्डर एवं सिलाई मशीन चुराने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना बेलबाग में रात्रि श्रीमती रानी कश्यप उम्र 56 वर्ष निवासी बेलबाग टोरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका घर छप्पर वाला है तथा उसके पड़ौसी रिश्तेदार के घर से लगा हुआ है अंदर तरफ एक दीवार के उपर खुली जगह है दिनांक 3-12-24 को शाम लगभग 7 बजे वह अपनी बेटी के घर मुम्बई चली गयी थी दिनांक 22-1-25 को सुबह लगभग 5 बजे मुम्बई से घर वापस आयी घर के बाहर ताला लगा हुआ था ताला खोलकर अंदर जाकर देखा घर में रखा गैस सिलेण्डर इण्डेन कम्पनी का एवं सिलाई मशीन हिन्दुस्तान कम्पनी की गायब थे। जिसके संबंध में पड़ौसियों एवं रिश्तेदारों से पूछी पता नहीं चला कोई अज्ञात चोर उसका गैस सिलेण्डर एवं सिलाई मशीन चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 305 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**तेज आवाज में साउंड बाक्स बजाने वाले के विरूद्ध प्रकरण दर्ज**

थाना बरेला अन्तर्गत चौकी प्रभारी गौर श्री टेकचंद शर्मा ने बताया कि दौरान गस्त भ्रमण के एकता मार्केट के पास कालोनी वासी द्वारा जानकारी दी गयी कि इस समय पसरीचा होटल में शादी समारोह मे तेज आवाज में साउण्ड बाक्स में गाना बजाया जा रहा है जिससे हम लोगों को काफी परेशानी हो रही है सूचना पर पसरीचा होटल में दबिश दी शादी समारोह मे साउण्ड बाक्स में गाना बजाना पाया गया डीजे बजाने वाले गणेश गोंड़ उम्र

# सड़क किनारे खड़े श्रमिकों को कार ने मारी टक्कर

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** कटंगी थाना क्षेत्र में तेज गति से आयी कार ने चार श्रमिकों को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में श्रमिकों को गंभीर चोट आयी है। दमोह के अंजनी वार्ड निवासी पप्पू अठया, देवेंद्र साहू, माखन लाल, परवत एवं रज्जाक अली श्रमिक हैं। चारों लोग बुधवार को मटर तोड़ने के लिए शक्ति वेयर हाउस के पास एक खेत में आए थे। शाम को घर जाने के लिए सड़क किनारे खड़े होकर बस की प्रतीक्षा कर रहे थे। तभी जबलपुर की ओर से कार एमपी 20 सीए 2733 तेज गति से आयी। श्रमिकों को टक्कर मारते हुए निकल गई। कार की अनियंत्रित चाल की चपेट में आए चारों श्रमिक घायल हुए हैं, जिन्हें मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया गया है। रांझी थाना क्षेत्र में एक विवाह समारोह में नाचने के दौरान कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। मारपीट हुई। एक पक्ष ने चाकू से हमला किया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। इस दौरान अचानक हुई मारपीट से विवाह समारोह के दौरान अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस ने बताया कि बड़ा पत्थर सरस्वती स्कूल मैदान में प्रशांत चौधरी के विवाह समारोह की पार्टी थी, जिसमें रामबहोर चौधरी, श्यामलाल चौधरी, संजय चौधरी और उसका दोस्त सौरभ कोल शामिल होने गए थे।

## विकास संस्था ग्रुप के तत्वाधान में ध्वजारोहण किया जाएगा

**जबलपुर-** राठौर कर्मचारी अधिकारी संघ जबलपुर एवम् विशाल विकास संस्था ग्रुप के तत्वाधान में प्रति वर्ष अनुसार 26 जनवरी 2025 दिन रविवार को सुबह ठीक 10ः00 बजे राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर उद्यान एवं प्रतिमा स्थल भंवरताल जबलपुर में गणतंत्र दिवस महोत्सव के पुनीत अवसर पर ध्वजारोहण किया जाएगा । सभी राष्ट्र प्रेमी, स्वजातीय बन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं ।

# 4 स्कूलों को 30 दिन में लौटाने होगे 38 करोड़ रुपए, कलेक्टर ने एक बार फिर दिखाई सख्ती

**63 हजार विद्यार्थियों से अवैध रूप से वसूले गए 38 करोड़ रुपये।**

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर जिला प्रशासन ने चार निजी स्कूलों को अवैध तरीके से बढ़ाई और वसूली गई फीस के 38 करोड़ नौ लाख रुपये 30 दिन के भीतर अभिभावकों को वापस करने के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही स्कूलों पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में गठित जिला समिति ने चार स्कूलों द्वारा अवैधानिक रूप से बढ़ाई गई फीस को अमान्य कर दिया है। इन स्कूलों में कैंट स्थित सेंट जोसेफ कान्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल, गेब्रियल हायर सेकंडरी स्कूल रांझी, दिल्ली पब्लिक स्कूल मंडला रोड और संजीवनी नगर स्थित रायल सीनियर सेकंडरी स्कूल शामिल हैं।

चार स्कूलों द्वारा अवैध रूप से वसूली गई फीस

| स्कूल | विद्यार्थी | फीस |
|---|---|---|
| सेंट जोसेफ | 21 हजार 827 | 10 करोड़ 90 लाख |
| सेंट गैब्रियल | 27 हजार 240 | 17 करोड़ 42 लाख |
| दिल्ली पब्लिक स्कूल | 9 हजार 828 | 6 करोड़ 97 लाख |
| रायल स्कूल | 4 हजार 114 | 3 करोड़ 61 लाख |

जबलपुर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि उक्त स्कूलों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2018-19 से लेकर 2024-25 तक 63 हजार नौ विद्यार्थियों से 38 करोड़ नौ लाख रुपये फीस के रूप में अवैध रूप से वसूले गए थे।

**दो-दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया**

अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों पर विस्तृत जांच के उपरांत कार्रवाई करते हुए वसूली गई फीस अभिभावकों को वापस करने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके साथ-साथ इन निजी स्कूलों के प्रबंधन पर मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं 2020 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के कारण दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

स्कूल प्रबंधकों को जुर्माना की राशि 30 दिन के भीतर आयुक्त लोक शिक्षण मध्य प्रदेश के एचडीएफसी बैंक के खाते में जमा कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पावती प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

**स्कूल प्रबंधकों पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।**

**अब तक 265 करोड़ रुपये वापस करने के आदेश हो चुके**

जबलपुर जिला प्रशासन द्वारा गठित समिति द्वारा अब 32 स्कूलों की जांच करते हुए अवैध तरीके से वसूली गई 265 करोड़ रुपये वापस करने के आदेश दिया जा चुका है।

इस दौरान 12 स्कूलों के प्रिसिंपल, स्टाफ सहित 84 व्यक्तियों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किया गया। नामचीन स्कूल के प्रिसिंपल व संचालकों को जेल की हवा तक खानी पड़ी थी।

## कलेक्टर सक्सेना कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे

जबलपुर-गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को प्रातरू 8 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर दीपक सक्सेना ध्वज फहरायेंगे। कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम संपन्न होने के बाद अधिकारी.कर्मचारी पुलिस ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होंगे।

# एम.पी. ट्रांसको का गणतंत्र दिवस पर मुख्य आयोजन मुख्यालय जबलपुर में



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के सभी ट्रांसमिशन लाइन मेटेनेन्स (टी.एल.एम.), 416 एकस्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों तथा ट्रांसको कार्यालयों में ध्वजा रोहण होगा। एम.पी. ट्रांसको का मुख्य समारोह मुख्यालय जबलपुर स्थित स्काडा कंट्रोल सेंटर नयागांव के परिसर में आयोजित है। जहां प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे ।समारोह में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 ट्रांसको कार्मिकों को सम्मानित एवं पुरूस्कृत भी किया जायेगा । गणतंत्र दिवस के अवसर पर एम पी ट्रांसको के विभिन्न कार्यालयों, सब स्टेशनो में भी रोशनी की जा रही है।

**हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर चित्र प्रदर्शनी भी लगेगी**

## गणतंत्र दिवस की संध्या मानस भवन में होगा भारत पर्व का आयोजन आजादी के तरानों की होगी प्रस्तुति

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गणतंत्र दिवस की संध्या पर कल 26 जनवरी को शाम 6 बजे मानस भवन में भारत पर्व का आयोजन किया गया है। भारत पर्व में स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा चयनित भोपाल के कलाकार मोहित सोनी और उनके पंद्रह सदस्यीय दल द्वारा आज़ादी के तराने प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही सागर के राजकुमार रायकवार के नेतृत्व में चौदह कलाकारों द्वारा अखाड़ा नृत्य की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र होगी। भारत पर्व के आयोजन में श्हमारा संविधान हमारा स्वाभिमानश् कार्यक्रम अंतर्गत भारत के संविधान तथा संविधान निर्माताओं के विषय में जानकारी के लिए चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

**महाधिवक्ता कार्यालय में प्रातरू 8.30 बजे फ्हराया जायेगा राष्ट्रीय ध्वज**

जबलपुर-राष्ट्र के 76 वें गणतंत्र दिवस पर उच्च न्यायालय परिसर स्थित महाधिवक्ता कार्यालय में प्रातरू 8ण्30 बजे आयोजित समारोह में महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह राष्ट्रीय ध्वज फ्हरायेंगे।

# भारत में विदेशी नागरिकों की बढ़ती उपस्थिति-राष्ट्रीय पहचान और संसाधनों पर खतरा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत अपनी समृद्ध संस्कृति और विविधता के लिए जाना जाता है, लेकिन आज देश एक गंभीर समस्या का सामना कर रहा है। नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों से आने वाले विदेशी नागरिकों की बढ़ती संख्या ने न केवल हमारी राष्ट्रीय पहचान को चुनौती दी है, बल्कि बेरोजगारी, संसाधनों की कमी और आर्थिक असंतुलन जैसी समस्याओं को भी जन्म दिया है।

विदेशी नागरिकों की गतिविधियाँ और उनका प्रभाव

नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों से आए नागरिक भारत के विभिन्न शहरों में तेजी से व्यापारिक गतिविधियों में संलग्न हो रहे हैं। देशभर में मोमोज़ के स्टॉल लगभग हर शहर और कस्बे में देखे जा सकते हैं, जिनमें से अधिकतर नेपाली नागरिकों द्वारा चलाए जाते हैं। ये नागरिक हर महीने हजारों से लाखों रुपये तक कमा रहे हैं, जो भारतीय युवाओं के रोजगार के अवसरों को छीनने का काम कर रहा है। इसके अलावा, ये नागरिक सरकारी दस्तावेज़ जैसे आधार कार्ड और वोटर आईडी बनवाकर भारत की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। मुफ्त राशन, स्वास्थ्य सेवाएँ और शिक्षा जैसी सुविधाएँ, जो भारतीय नागरिकों के लिए आरक्षित हैं, अब बाहरी नागरिकों द्वारा भी उपयोग की जा रही हैं।

भारतीय युवाओं पर प्रभाव

1. बेरोजगारी का बढ़ता संकट-भारत में पहले से ही बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। देश का युवा वर्ग, जो शिक्षा प्राप्त कर रहा है, रोजगार के अवसरों के लिए संघर्ष कर रहा है। वहीं, विदेशी नागरिकों की उपस्थिति ने रोजगार के इन सीमित अवसरों को और कम कर दिया है। 2. संसाधनों पर दबाव-सरकारी योजनाओं का लाभ बाहरी नागरिकों द्वारा उठाने से भारतीय नागरिकों को उनके हिस्से के संसाधन प्राप्त नहीं हो रहे हैं।

3. आर्थिक असंतुलन-विदेशी नागरिक भारत में अर्जित धन को अपने देशों में भेज रहे हैं, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

4. राष्ट्रीय सुरक्षा और राजनीतिक खतराः

वोटर आईडी बनवाकर ये विदेशी नागरिक चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हो रही है।

परिणाम अगर स्थिति नहीं बदली गई

1. बेरोजगारी और गरीबी में वृद्धिः

भारतीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और कम हो जाएंगे, जिससे देश में बेरोजगारी और गरीबी बढ़ेगी। 2. राष्ट्रीय पहचान पर खतरा- विदेशी नागरिकों की बढ़ती उपस्थिति से भारतीय संस्कृति और सामाजिक ताने-बाने पर प्रभाव पड़ेगा।

3. सामाजिक अस्थिरता-संसाधनों और रोजगार को लेकर असंतोष बढ़ेगा, जिससे समाज में तनाव और अस्थिरता पैदा हो सकती है।

समाधान और आवश्यक कदम

1. सख्त दस्तावेज़ सत्यापनः

आधार कार्ड, वोटर आईडी और अन्य सरकारी दस्तावेजों के लिए कड़े सत्यापन मानक लागू किए जाएँ। 2. विदेशी नागरिकों के लिए अलग पहचान प्रणालीः

विदेशी नागरिकों की पहचान और गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए अलग प्रणाली विकसित की जाए।

3. रोजगार संरक्षण-भारतीय नागरिकों के लिए रोजगार के विशेष अवसर बनाए जाएँ और बाहरी नागरिकों के लिए रोजगार सीमित किया जाए। 4. सामाजिक जागरूकता-जनता को इस समस्या के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाया जाए। 5. सीमाओं पर कड़ी निगरानीः अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वालों को रोकने के लिए सीमा सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाए। निष्कर्ष- भारत में विदेशी नागरिकों की अनियंत्रित उपस्थिति ने न केवल रोजगार और संसाधनों पर दबाव डाला है, बल्कि राष्ट्रीय पहचान और सुरक्षा के लिए भी चुनौती खड़ी की है। यह समय की माँग है कि सरकार और समाज मिलकर इस समस्या का समाधान करें। भारतीय युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

हमारा भारत, हमारी जिम्मेदारी।

**-- आदित्य सक्सेना, अधिवक्ता**

# कथक में भारतीय संस्कृति और दर्शन राधा छवि कथक नृत्य महोत्सव में अतिथियों के विचार






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कथक नृत्य भारतीय संस्कृति और दर्शन का संवाहक है । इसमें मुखमुद्राओं व अंग संचालन के माध्यम से विशिष्ट कथानक को अत्यंत आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाता है ।

उपरोक्त आशय के विचार आज शहीद स्मारक भवन गोलबाजार में नवरंग कथक कला केन्द्र, गुंजन कला सदन एवं पी एम जी संस्था द्वारा आयोजित अ. भा. राधा छवि कथक नृत्य महोत्सव में अतिथियों ने व्यक्त किए । कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथि जगतबहादुर सिंह अन्नू, अभिलाष पांडेय एवं डॉ. आनंद तिवारी, आचार्य भागवत दुबे ने दीप प्रज्वलन से किया । श्रीमती राधा देवी एवं नृत्य गुरु छवि नायक के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।अतिथियों का स्वागत मोतियों की माला एवं साफा पहनाकर मोती शिवहरे, अशोक मनोध्या, विजय जायसवाल, राजीव गुप्ता, देवेंद्र चौकसे ने किया ।

कार्यक्रम में डॉ. अमित साकरे इंदौर, डॉ. दीपक वर्मा नरसिंहगढ़, जितेंद्र कौशल दिल्ली, सचिन कुम्हरे कवर्धा ने एकल कथक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं । जबलपुर की शैली धोपे, नीलांगी कलंत्रे, भैरवी विश्वरूप, अखिलेश पटेल एवं मोती शिवहरे ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए । नृत्य गुरुओं का सम्मान शाल, श्रीफल, मोतियों की माला एवं अभिनन्द पत्र से अतिथियों सहित डॉ. जादूगर एस के निगम, प्रकाश दुबे, लायन नरेंद्र जैन, श्रीपद कायंदे, डॉ. रामेश्वर सोनी,सचिन, वंदना दुबे,शशांक राय, सारंग, संकल्प शिवहरे आदि ने किया । इस अवसर पर चित्रकार प्रमोद कुशवाहा ने सभी अतिथियों एवं नृत्य गुरुओं को हस्त निर्मित चित्र भेंट किए । संचालन प्रतुल श्रीवास्तव एवं राजेश पाठक प्रवीण ने किया । आभार विजय जायसवाल ने किया ।समारोह में विनीता शिवहरे, गीता राय पंकज पटेल,रूपकिशोर राय, देवेंद्र चौकसे, सचिन राय, शशांक राय, सारंग शिवहरे, संकल्प शिवहरे, रविन्द्र विश्वकर्मा शिवम साहू , अभिराज रिझमा, आदित्य सोनी, रोहित तिवारी, दीपक मेहरा, सुमित साहू अभिषेक राठौर, अंकित बैरागी के साथ पाथेय संस्था, गुंजनकला सदन, वर्तिका सुप्रभातम,अपनी डांस फेमिली, रामलीला गढ़ा, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, संस्कार भारती,बुन्देली संस्कृति संगम की सहभागिता रही।

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999


इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
अनंत संभावनाएं
24-25 फरवरी 2025, भोपाल
76 वें
गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
संवैधानिक मूल्यों के साथ
मध्यप्रदेश का चौतरफा विकास
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (GYAN) समाज के इन चार स्तंभों के सशक्तिकरण की मजबूत बुनियाद पर मध्यप्रदेश छुएगा विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयां
गरीब कल्याण मिशन के माध्यम से प्रदेश के गरीब और वंचितों को मिलेंगे आगे बढ़ने के हर संभव अवसर। वर्ष 2028 तक प्रदेश बनेगा गरीबी मुक्त।
स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, रोज़गार और नेतृत्व क्षमता विकास से सुनिश्चित करेगा युवाओं का सशक्तिकरण।
देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करेगा।
किसान कल्याण मिशन के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार किसानों की आय वृद्धि के साथ ही कृषि को अधिक लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए समर्पित है।
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11167/24